प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

रविवार 29 दिसम्बर 2024

● वर्ष 03 ● अंक 137

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2024

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88


## मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खाते में आये पैसे

# जो कहा, रिकार्ड समय में उसे पूरा किया : हेमंत



रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने मंईयां योजना के तहत पांचवी किस्त महिलाओं के खाते में डालने के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी भी दी। सीएम ने लिखा 'जो कहा- उसे रिकॉर्ड समय में पूरा किया। 28 दिसंबर को रांची में महिला सम्मान योजना से जुड़ा कार्यक्रम किया जाना था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद इस कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया, हालांकि लाभार्थी महिलाओं के खाते में योजना की पांचवी किस्त 2500 रुपए डाल दिये गये। झारखंड में मंईयां सम्मान योजना को लेकर विपक्ष की ओर से उठाये जा रहे तमाम तरह के सवालों के बीच हेमंत सरकार ने महिलाओं के खाते में इस योजना की पांचवी किस्त भेजनी शुरू कर दी है। सीएम हेमंत ने अपने मैसेज में कहा, मैंने जो वादा राज्य की महान जनता से किया था, उसे पूरा कर रहा हूं। हर मंईयां के खाते में हर माह 2500 रुपये दिये जा रहे हैं। साल में पूरे 30 हजार रुपये मिलेंगे।

**अफसरों को निर्देश :** हेमंत सोरेन सरकार ने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिये हैं कि जो भी इस योजना के लिए हकदार नहीं हैं उन्हें चिन्हित कर उनका रजिस्ट्रेशन खारिज किया जाये। इसके बाद अधिकारियों ने इस पर कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

सीएम हेमंत सोरेन 28 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम में खुद लाभुकों को राशि देने की घोषणा करने वाले थे लेकिन कार्यक्रम के रद्द होने के कारण, लाभार्थियों के खाते में पहले ही राशि क्रेडिट होनी शुरू हो गयी। झामुमो ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि सरकार बनते ही मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया जायेगा। घोषणा के अनुसार सरकार अपना वादा पूरा कर रही है।

# पंचतत्व में विलीन हुए मनमोहन सिंह



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के निगमबोध घाट श्मशान घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का शनिवार को यहां निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया और उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया।

डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामगायेल वांगचुक, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, भाजपा अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ ही कई केंद्रीय मंत्री, राजनयिक तथा अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस मुख्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया जहां उनके परिवार के सदस्यों के साथ ही कांग्रेस में कई प्रमुख नेताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उसके बाद उनके पार्थिव शरीर को काफिले के साथ निगमबोध घाट लाया गया।

## मनमोहन के अंतिम संस्कार के स्थान को लेकर राजनीतिक विवाद बढ़ा

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार के लिए एक अलग स्थान आवंटित नहीं किए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच राजनीतिक विवाद बढ़ गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री का जानबूझकर अपमान किया जा रहा है। वहीं भाजपा ने कहा है कि डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में एक स्मारक बनाया जाएगा और इसके लिए भूमि अधिग्रहण, ट्रस्ट के गठन और भूमि हस्तांतरण जैसी प्रक्रियाओं के पूरा होने में समय लगेगा। कांग्रेस ने नेता जयराम रमेश ने कल देर रात 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि आज सुबह कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रस्ताव दिया था कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर किया जाए जहां उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए एक स्मारक बनाया जा सके।

## अंतिम संस्कार को लेकर 'घटिया राजनीति' कर रही कांग्रेस : नड्डा



नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित की थी और उनके परिवार को इसकी जानकारी भी दी थी। उन्होंने कांग्रेस पर मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर 'घटिया राजनीति' करने का आरोप लगाया।

नड्डा की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर देश के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए कोई यथोचित स्थान नहीं देने का आरोप लगाया है, जहां बाद में उनका स्मारक बनाया जा सकता था।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर 'भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री' का सरासर अपमान किया है।

## ई-कल्याण छात्रवृत्ति पर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने एक्स पर लिखी अपनी बात

# राज्य में दो चुनाव हुए फिर भी 39 लाख विद्यार्थियों को दिया गया स्कॉलरशिप

**रांची।** अदिवासी कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा ने ई-कल्याण छात्रवृत्ति पर अपनी बात रखी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि वर्ष 2024 में दो चुनावों के बावजूद प्री और पोस्ट मैट्रिक के लिए 39 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली है। जिसमें प्री मैट्रिक के 35,09,863 और पोस्ट मैट्रिक में 4,89,765 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। प्री मैट्रिक के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए भी 18,08,878 छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल चुकी है।

**सत्र को पूरी तरह नियमित करने का किया जा रहा प्रयास :** कल्याण आयुक्त ने लिखा है कि अगर शैक्षणिक सत्र और भुगतान को देखें तो यह याद रखना चाहिए कि 2022-23 में छात्रवृत्ति की ई-कल्याण पोर्टल पोस्ट मैट्रिक के लिए नहीं खुली थी और प्री मैट्रिक का भुगतान दिसंबर 2022 में शुरू हुआ। इस तरह ई कल्याण एक शैक्षणिक सत्र पीछे हो गया था। इसे 2023-24 में और 2024-25 में पूरी तरह नियमित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

**प्री मैट्रिक के लिए उपलब्ध है आवंटन :** प्री मैट्रिक के लिए स्कूली शिक्षा विभाग के विद्यालयों से आवेदन प्राप्त होते हैं और 2024-25 के लिए विद्यालयों से 28 लाख आवेदन आए हैं जिसमें से 18,08,878 छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल चुकी है। प्री मैट्रिक के लिए आवंटन उपलब्ध है जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 की समाप्ति से पहले और भी जितने आवेदन प्राप्त हों उन सभी का सम्पूर्ण भुगतान सम्पन्न कर दें।

### 4,89,765 पोस्ट मैट्रिक छात्र-छात्राओं को हो चुका है भुगतान



2023-24 में 4,89,765 पोस्ट मैट्रिक छात्र छात्राओं को भुगतान हो चुका है। पिछड़ा वर्ग के लगभग 91 हजार छात्रों को भुगतान अभी किया जाना है, जिसके लिए माननीय मंत्री के अनुमोदन से 157 करोड़ राशि विभाग द्वारा उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। शेष किसी भी मामले में आवंटन की तत्काल कोई कमी नहीं है।

## 2025 में मचेगी तबाही!बाबा वेंगा और नास्त्रेदमस की भविष्यवाणियों ने बढ़ाई दुनिया की टेंशन

**नई दिल्ली** /भविष्यवाणियों पर आमतौर पर भरोसा नहीं किया जाता और इन्हें अंधविश्वास माना जाता है। अधिकांश लोग मानते हैं कि भविष्यवाणियां केवल संयोग होती हैं या फिर उन पर विश्वास करना तर्कसंगत नहीं है। फिर भी, कुछ विशेष भविष्यवक्ता ऐसे रहे हैं, जिनकी भविष्यवाणियां समय के साथ सच साबित हो रही हैं। इस स्थिति ने दुनिया भर में यह सवाल खड़ा किया है कि क्या इन भविष्यवक्ताओं ने वाकई में भविष्य देखा था, या फिर ये महज संयोग थे।

बाबा वेंगा और नास्त्रेदमस दो ऐसे नाम हैं जिनके भविष्यवाणियों ने न केवल चौंकाया, बल्कि वे अब वास्तविकता बनती हुई नजर आ रही हैं। इन दोनों का जीवनकाल और उनके द्वारा किए गए भविष्यवाणियों में कई समानताएं पाई गई हैं, जो बहुत रोचक और रहस्यमय हैं।

बाबा वेंगा, जिन्हें ऱबाल्कन का नास्त्रेदमसऱ भी कहा जाता है, का जन्म 1911 में बुल्गारिया के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका असली नाम वेंगेलिया पांडेवा दिमित्रोवा था। बचपन में एक हादसे के चलते उनकी आंखों की रोशनी चली गई थी, तत्पश्चात, उन्होंने स्वयं को आध्यात्मिक शक्तियों से संपन्न महसूस किया। माना जाता है कि इस घटना के बाद ही उन्हें भविष्य देखने की अद्भुत क्षमता प्राप्त हुई। उन्होंने अपने जीवनकाल में 5000 से अधिक भविष्यवाणियां कीं। उनकी भविष्यवाणियां इतनी दूरदर्शी थीं कि उन्होंने वर्ष 5079 तक की घटनाओं का उल्लेख किया।



# अफगानिस्तान का पलटवार

## हवाई हमले के जवाब में पाकिस्तान के कई स्थानों को बनाया निशाना

■ सूत्रों के हवाले से बताया कि हमलों में 19 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और हिंसा में तीन अफगान नागरिकों को भी जान गंवानी पड़ी।

**काबुल / एपी।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसके बलों ने पिछले हफ्ते देश पर हुए घातक हवाई हमलों के जवाब में पाकिस्तान के अंदर कई स्थानों पर हमले किए।

पाकिस्तान ने गत मंगलवार को अफगानिस्तान के पूर्वी पक्तिका प्रांत में एक प्रशिक्षण केंद्र को नष्ट करने और विद्रोहियों के खिलाफ एक अभियान शुरू किया था। पाकिस्तान के हवाई हमलों में कई लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे।

तालिबान के रक्षा मंत्रालय की ओर से शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट की गई टिप्पणियों में कहा गया कि उसकी सेनाओं ने पाकिस्तान के उन स्थानों को निशाना बनाया, जिन्हें अफगानिस्तान पर हमलों की योजना और समन्वय से जुड़े तत्वों एवं उनके समर्थकों के लिए ठिकाने के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्ला ख्वारजामी ने हमलों के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी, साथ ही यह भी नहीं बताया गया कि हमलों को कैसे अंजाम दिया गया। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि दोनों तरफ से कोई हताहत हुआ है या नहीं। तालिबान समर्थक मीडिया संगठन 'हुर्रियत डेली न्यूज' ने मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि हमलों में 19 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और हिंसा में तीन अफगान नागरिकों को भी जान गंवानी पड़ी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं मिल पाई।

आयोजक रशीदुल्लाह हमदर्द के अनुसार, लोगों ने देश के दक्षिणपूर्वी खोस्त प्रांत में अफगानिस्तान की जवाबी कार्रवाई का जश्न मनाया।

## नितेश राणे ने भारत को विकसित हिंदू राष्ट्र बनाने की वकालत की

**कोल्हापुर/सिंधुदुर्ग/एजेन्सी।** महाराष्ट्र के मत्स्य एवं बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे ने शनिवार को कहा कि देश को विकसित हिंदू राष्ट्र बनाना और इसे सुरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। सिंधुदुर्ग जिले के सावंतवाड़ी स्थित भोसले नॉलेज सिटी में अखिल भारतीय छात्र महासंघ (एआईएसएफ) के 59वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए राणे ने कहा कि हिंदुत्व के लिए काम करने के दौरान उनके खिलाफ 38 मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा, मैं देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में काम कर रहा हूं और राष्ट्र को पहले स्थान पर रखना जरूरी है। विकास के साथ-साथ राष्ट्र को सुरक्षित रखना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज देश का नेतृत्व करने वाले कई राजनीतिक नेताओं की जड़ें छात्रसंघ से जुड़ी हैं। उन्होंने हिंदुत्व का विरोध करने वाले नेताओं का विरोध करने का आह्वान किया।



## बीपीएससी विवाद में गतिरोध जारी;

# छात्रों ने बातचीत का प्रस्ताव ठुकराया, नीतीश कुमार से मिलने की मांग की




**पटना/भाषा।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर विवाद अब गतिरोध का रूप लेता दिख रहा है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने शनिवार को पटना जिला प्रशासन की आयोग के अधिकारियों से बातचीत की पेशकश ठुकरा दी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने का समय मांगा।

पटना के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) चंद्रशेखर सिंह ने भी अपना रुख सख्त करते हुए कहा कि वह रविवार को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर द्वारा बुलाई गई 'छात्र संसद' की अनुमति नहीं देंगे।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई कोचिंग संस्थान मालिक किसी भी तरह से विरोध प्रदर्शन में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

किशोर शनिवार को गर्दनीबाग गए, जहां पिछले कई दिनों से बीपीएससी के अभ्यर्थी धरना दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए किशोर ने कहा, ''यहां आने से पहले मैंने शिक्षा क्षेत्र के लोगों से लंबी चर्चा की थी। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि जहां तक बीपीएससी परीक्षाओं का सवाल है, अनियमितताएं और पेपर लीक होना अब आम बात हो गई है। ऐसे ही नहीं चल सकता... हमें इसका समाधान निकालना होगा।



## 1 को बाबा का शीघ्र दर्शन कूपन 600 में

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ मंदिर में शीघ्र दर्शनम कूपन की दर में 1 जनवरी के लिए बढ़ोतरी की गयी है। वैसे श्रद्धालु जो एक जनवरी को बाबा का शीघ्र दर्शनम करना चाहेंगे, उन्हें 300 रुपये की जगह 600 रुपये देने होंगे। इसको लेकर देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने बैठक कर मंदिर प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों को निर्देश दे दिये हैं। नये साल पर कई ऐसे लोग हैं जो पिकनिक स्पॉट नहीं जाकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का दर्शन करना पसंद करते हैं। ऐसे में आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए देवघर जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने यह फैसला लिया है। वहीं आम दिनों में शीघ्र दर्शनम कूपन दर 300 रुपये ही रहेगा। शीघ्र दर्शन कूपन कटवाने के बाद लोगों के लिए एक विशेष लाइन बनायी जाती है।

# शांति और विनम्रता के प्रतीक हैं गुकेश : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश से मुलाकात की और उन्हें एक आत्मविश्वासी युवा खिलाड़ी बताया जो शांति और विनम्रता का प्रतीक है।

सिंगापुर में खेले गए विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले में 18 साल के गुकेश ने अपने धैर्य और साहस का परिचय देते हुए चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के शतरंज विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने रूस के गैरी कास्परोव को पीछे छोड़ा जो 1985 में 22 साल की उम्र में विश्व चैंपियन बने थे।

मोदी ने गुकेश और उनके माता-पिता के साथ मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट किया, '' शतरंज चैंपियन और भारत के गौरव डी गुकेश के साथ बातचीत शानदार रही। मैं पिछले कुछ वर्षों से उनके साथ संपर्क में रहा हूं और जो चीज मुझे उनके बारे में सबसे ज्यादा प्रभावित करती है वह है उनका दृढ़ संकल्प और समर्पण। उनका आत्मविश्वास वास्तव में प्रेरणादायक है।''

मोदी ने लिखा, ''दरअसल मुझे याद है कि मैंने कुछ साल पहले उनका एक वीडियो देखा था जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनेंगे। एक भविष्यवाणी जो अब उनके प्रयासों के कारण स्पष्ट रूप से सच हो गई है।''

गुकेश महान विश्वनाथन आनंद के बाद विश्व खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं।

मोदी ने कहा, ''आत्मविश्वास के साथ-साथ, गुकेश शांति और विनम्रता का प्रतीक है। जीतने पर वह शांत था, अपनी उपलब्धि का आनंद ले रहा था और पूरी तरह से समझ रहा था कि कड़ी मेहनत से हासिल की गई जीत के साथ कैसे आगे बढ़ना है। आज हमारी बातचीत योग और ध्यान की परिवर्तनकारी क्षमता पर केंद्रित रही।''

गुकेश ने इस साल की शुरुआत में बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी।

## न्यूज़ अपडेट

### दबिस्ताने जमशेदपुर संस्था का ×गालिब दिवस पर मुशायरा आयोजित

**जमशेदपुर।** शहर की साहित्यिक संस्था दबिस्ताने जमशेदपुर के तत्वाधान में बड़ी धूमधाम से गालिब दिवस मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर गालिब के सम्मान में एक शानदार मुशायरा एचीवर्स इंस्टिट्यूट, जवाहर नगर के सभागार में आयोजित हुआ जिसमें शहर भर के साहित्य प्रेमी तथा शायर सम्मिलित हुए। सभा की अध्यक्षता बुजुर्ग शायर जमील मज़हर ने की तथा डॉ हसन इमाम मल्लिक (मैनेजर स्पोर्ट्स, टाटा स्टील जमशेदपुर) ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सभा को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सफीउल्लाह सफी ने मिर्ज़ा गालिब द्वारा लिखित नात शरीफ पढ़ी, सकलैन मुश्ताक ने सभा में उपस्थित शायरों तथा साहित्य प्रेमियों का स्वागत किया और संस्था के सरपरस्त शायर गौहर अज़ीज़ ने मिर्जा ×गालिब और साहित्य में उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उसके बाद प्रारंभ हुआ मुशायरा। जिसमें हसरत निज़ामी, सैफ अली सैफ, सरफराज शाद, सफदर हारून, सकलैन मुश्ताक, फरहान खान फरहान, वालीउल्लाह वली, सफीउल्लाह सफी, सद्दाम गनी, शोएब अख्तर, जफर हाश्मी, रिजवान औरंगाबादी, गौहर अजीज, मकसूद अनवर मकसूद तथा जमील मजहर इत्यादि शायरों ने अपनी रचनाएं सुनाईं और खूब प्रशंसाएं कमाईं। अंत में मुख्य अतिथि डॉ इमाम ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा की मिर्जा गालिब दुनिया के बड़े शायरों में से एक थे। उनके फलसफे और उनकी शायरी ने हिंदुस्तान और उर्दू भाषा दोनों का संपूर्ण संसार में सर बुलंद किया। वे अपनी शायरी और साहित्य के रूप में आज भी जिंदा हैं और भविष्य में भी जिंदा रहेंगे। मुशायरे का संचालन शायर शोएब अख्तर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर इकरामुल गनी ने यह कहते हुए किया कि आज का मुशायरा एक ऐतिहासिक मुशायरा रहा।

### करीम सिटी कॉलेज में मनाया गया गालिब दिवस

**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के उर्दू विभाग ने गालिब दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम मास कम्युनिकेशन के स्टूडियो में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की तथा विशेष तौर पर सेक्रेटरी डॉ मोहम्मद जकारिया सम्मिलित हुए। एम ए के छात्र सफदर हारून ने तिलावत कुरान किया द्वारा कार्यक्रम को प्रारंभिक किया। मोहम्मद जीशान सल्फी ने सभा में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत किया, मोहम्मद मिनहाज आलम तथा सादिया उस्मानी ने गालिब के व्यक्तित्व तथा साहित्य में उनके महत्व पर पर्चे पढ़े तथा नाफिया निशात और हारुन ने गालिब की चुनिंदा गजलें सभा में प्रस्तुत कीं। उनके बाद महाविद्यालय के सचिव डॉ मोहम्मद जकरिया, प्रो मोहम्मद ईसा तथा डॉ उधम सिंह ने मिर्ज़ा ×गालिब के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने अध्यक्षीय भाषण किया और कार्यक्रम के लिए उर्दू विभाग को बधाई दी। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ शाहबाज अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस सभा में विद्यार्थियों के अतिरिक्त डॉ नेहा तिवारी, डॉ मुजाहिदुल हक, डॉ सादिक इकबाल, डॉ इंद्रसेन सिंह एवं सैयद साजिद परवेज की उपस्थिति विशेष रही


### जीवन में कभी भी भगवान की परीक्षा नही अपितु प्रतीक्षा होनी चाहिए- कथावाचक



**जमशेदपुर।** गोलमुरी के टुइलाडुंगरी स्थित गाढ़ाबासा कम्युनिटी सेन्टर में चल रहे श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य आशुतोष तिवारी शांडिल्य जी महराज (अयोध्या धाम से आये) ने परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। महाराज ने साथ ही महाभारत का भी सुंदर वर्णन किया जिस में बताया की जो धर्म के साथ खड़ा रहता है उसका सदा ही विजय होता है जिसका प्रमाण अर्जुन सहित पाण्डव पक्ष है। कथा क्रम में सती चरित्र और शिव विवाह को श्रवण कराया। कथावाचक ने कहा की जैसे सती ने भगवान श्री राम की परीक्षा ली थी, जिसके कारण भगवान शिव ने उनको त्याग कर दिया था। ध्यान रहे जीवन में कभी भी भगवान की परीक्षा नही अपितु प्रतीक्षा होनी चाहिए। वही शिव विवाह की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि शिवजी जब बारात लेकर चलने लगे तो उनकी बारात में भूत-प्रेत, बेताल सब मगन होकर नाच रहे थे। भगवान शिव स्वयं नंदी पर विराजमान थे और गले में नाग की माला धारण किए हुए थे। साथ में भगवान विष्णु और ब्रह्माजी भी देवताओं की टोली लेकर चल रहे थे। त्रिलोक शिव विवाह के आनंद से मगन हो रहा था। हर तरफ शिवजी के जयकारे लग रहे थे। बारात नगर भ्रमण करते हुए देवी पार्वती के पिता राजा हिमवान के द्वार पहुंची और विवाह सम्पन्न हुआ। कथा के प्रसंग सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ पुरोहित शुभेन्द्र शास्त्री और सोनु पंडित ने पूजा अर्चना करायी। आज की यजमान समिति की अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने पूजा करायी। कथा में बड़ी संख्या में पधारकर कथा प्रेमियों द्वारा निष्ठा एवं भाव पूर्वक प्रभु कथा का रसपान किया गया।

### आलू विक्रेता के बेटे विशाल ने तीसरे प्रयास में पास की सीए फाइनल परीक्षा

**जमशेदपुर।** साकची बाजार में आलू बेचने वाले श्रीकांत प्रसाद के पुत्र विशाल कुमार ने तीसरे प्रयास में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाइनल की परीक्षा पास कर ली है। इस सफलता से उनके परिवार में खुशी की लहर है। बेल्डीह चर्च स्कूल के छात्र रहे विशाल ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद सीए की तैयारी में दिन-रात मेहनत की। विशाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि यह सफर आसान नहीं था, लेकिन परिवार के समर्थन और



दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। काशीडीह बागान निवासी विशाल के पिता श्रीकांत प्रसाद और माता पूनम देवी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने बेटे की पढ़ाई के लिए कई कठिनाइयों का सामना किया, और आज उनकी मेहनत रंग लाई है। भविष्य की योजना बताते हुए विशाल ने कहा कि वे पहले नौकरी कर अनुभव हासिल करेंगे और फिर अपनी खुद की फर्म शुरू करने का सपना पूरा करेंगे। उनकी यह उपलब्धि कड़ी मेहनत और माता-पिता के आशीर्वाद से किसी भी लक्ष्य को हासिल करने का प्रमाण है।

# पदाधिकारियों ने पंचायत/वार्ड का भ्रमण कर विकास कार्यों के क्रियान्वयन का लिया जायजा, सरकारी संस्थाओं का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।**



जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार सभी 11 प्रखंडों एवं नगर निकायों के लिए नामित नोडल पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शनिवार को अपने प्रखंड व नगर निकाय क्षेत्र के किसी एक पंचायत/ वार्ड का निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी ने घाटशिला के उल्दा पंचायत, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार ने बोड़ाम के भूला पंचायत, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान ने मुसाबनी के मेढ़िया पंचायत, अपर उपायुक्त ग्गीरथ प्रसाद ने पटमदा के गोबरघुसी पंचायत, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी राहुल आनंद ने धालभूमगढ़ के जुगीशोल पंचायत, जिला कल्याण पदाधिकारी ने डुमरिया का कुमड़ाशोल पंचायत, कार्यपालक दण्डाधिकारी धालभूम श्री चंद्रजीत सिंह ने जमशेदपुर सदर के हितकु पंचायत, एलआरडीसी धालभूम ने पोटका के भाटीन पंचायत, एसडीओ घाटशिला ने चाकुलिया के सोनाहातु पंचायत और निदेशक एनईपी ने गुड़ाबांदा के मुड़ाकाटी पंचायत का निरीक्षण किया वहीं जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती रिंकू कुमारी ने जेएनएसी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी श्रीमती गुंजन सिन्हा ने मानगो नगर निगम तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संध्या रानी ने जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों के क्रियान्वयन का जायजा लिया वहीं सरकारी संस्थाओं के माध्यम से आमजनों को दी जाने वाली सुविधायें व सेवाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सभी नोडल पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक पंचायत में क्रियान्वित मनरेगा की योजनाएं, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, हेल्थ सब सेंटर, जन वितरण प्रणाली का निरीक्षण किया गया। सरकार की संस्थाओं के माध्यम से किस प्रकार लोग लाभान्वित हो रहे हैं, इसके जांच के उद्देश्य से क्षेत्र भ्रमण किया जा रह है। विद्यालयों में पठन-पाठन के अलावा उपलब्ध संसाधनों का रखरखाव, बच्चों को मिलने वाले सरकार की योजनाओं का लाभ, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषाहार वितरण, बच्चों एवं गर्भवती माताओं के सेहत की निगरानी व उचित परामर्श, स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता व अन्य चिकित्सीय सेवाओं, चिकित्सक व पारा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति की जांच की जा रही है। वहीं जन वितरण प्रणाली दुकानों से ससमय खाद्यान्न का वितरण, साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती मनरेगा की योजनाओं का सघन अनुश्रवण इस पंचायत स्तरीय निरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य है जिससे विकास कार्यों की योजनाएं निर्बाध गति से सुचारू रूप से संचालित होती रहें। उपायुक्त ने पंचायतों एवं वार्डों के निरीक्षण को लेकर बताया कि प्रशासनिक स्तर पर यह जानने का प्रयास है कि आम लोग किस प्रकार सरकारी की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रत्येक शनिवार को किए जा रहे इस विशेष अभ्यास का एकमात्र उद्देश्य है कि सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर उतरकर निरीक्षण करना, आपसी समन्वय के कारण किसी योजना के क्रियान्वयन में समस्या आ रही हो तो उसे दूर करना। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बच्चों एवं गर्भवती माताओं के उचित पोषण, खाद्यान्न वितरण की योजनाओं का अनुश्रवण किया जा रहा है ताकि आमजनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा या नहीं इसकी जांच की जा सके तथा जिला के विभिन्न विभागीय पदाधिकारी व प्रखंड के बीच परस्पर समनव्य बना रहे, संवादहीनता नहीं हो जिससे योजनाओं के सुगम क्रियान्वयन में कोई बाधा आए।

## बेल पत्र में अखंड लक्ष्मी का वास होता है- कथावाचक

**जमशेदपुर।**



मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा स्टेट (नियर इरीगेशन कॉलोनी) में श्री शिव महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को वृन्दावन से पधारे स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने व्यास पीठ से शिव-पार्वती विवाह, पार्वती तप, शिव आराधना एवं नंदीश्वर महिमा का सुंदर व्याख्यान करते हुए कहा कि जिसके जीवन में सरलता व भोलापन उतरता है वही भोलेनाथ का सच्चा भक्त होता है। व्रति को झूठ कभी नहीं बोलना चाहिए। व्रति को दुर्व्यसनों को छोड़ने का संकल्प भी लेना चाहिए। लक्ष्मी के आठ प्रकारों के बारे में वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि बेल पत्र में अखंड लक्ष्मी का वास होता है। उन्होंने कहा कि भगवान का उन्हीं लोगों के हृदय में वास होता है जो सत्कर्म करते हैं। अनैतिक कमाई का लाभ तो कोई भी उठा सकता है लेकिन तुम्हारे अनैतिक कर्मों को तुम्हें ही भोगना होगा। कथावाचक ने कहा अगर गन्ने के रस से शिव लिंग का अभिषेक करते हैं तो धन प्राप्ति होती है। अगर धन होगा तो धर्म की ध्वजा धर्म की अविरल धारा शिव भक्ति अपने आप निरंतर बहती रहेगी। इस कारण गन्ने के रस से शिव अभिषेक सबसे उत्तम है।। कथा के दौरान प्रसंग के आधार पर कलाकारों ने जीवंत झांकी प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोहा। शिव कथा के दौरान हुए भजन संगीत कार्यक्रम एवं धार्मिक धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। इसका आयोजन यजमान किरण-उमाशंकर शर्मा द्वारा किया गया हैं। महाराज जी चौथे दिन रविवार को श्री गणेश प्रकट एवं नंदी महिमा का प्रसंग सुनायेंगे। शनिवार के कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से कृष्णा शर्मा उर्फ काली शर्मा, संतोष शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, गणेश शर्मा, रामानन्द शर्मा, जयप्रकाश, गोविन्दा शर्मा, श्रवण शर्मा, शिव शर्मा, शत्रुघ्न शर्मा, भारत शर्मा, आशीष शर्मा, आनंद शर्मा का योगदान रहा।

## पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह को कांग्रेसजनों ने नम आँखों से दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।**




पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का श्रद्धांजलि सभा कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह के तस्वीर पर पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष बिजय खॉं, राकेश तिवारी, चन्द्रभान सिंह, खगेनचन्द्र महतो, अंसार खान ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्य रूप से पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ मनमोहन सिंह निधन 92 वर्ष की उम्र में हो जाने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भारत के लिए अपूर्णिय क्षति बताया। सम्पूर्ण विश्व में आर्थिक मंदी के दौर में भारत को मजबूत स्थिति में बनाए रखने वाले दूरदर्शी प्रधानमंत्री के रूप में हमेशा याद किए जाऐंगे। उनके कार्यकाल में भारत आर्थिक रूप से बहुत मजबूत हुआ था। उन्होंनें फुड सिक्युरिटी बिल, राईट टू एजुकेशन, आरटीआई कानून, वनाधिकार अधिनियम, मनरेगा के तहत 100 दिन का काम का अधिकार के तहत विश्व में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला बिल ला कर विश्व भर में भारत का डंका बजाने का कार्य किया। उनका 10 वर्षो का कार्यकाल स्वर्णिम काल के रूप में हम सब याद करेंगे। उन्होंने गवर्नर के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक में भी यादगार सेवा दिये है। इस दुख की घड़ी में हम सभी जिला के कांग्रेसजन उनके परिवार के साथ है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें, यही प्रार्थना करते है। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत एक मिनट का मौन रखा गया।

## पहले प्रयास में मानगो की खुशी अग्रवाल ने पास की सीए फाइनल परीक्षा

**जमशेदपुर।**



मानगो दाईगुट्टू की रहने वाली खुशी अग्रवाल ने अपने पहले प्रयास में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, उन्होंने कठोर परीक्षा के दोनों समूहों को पास किया है। शंकरलाल अग्रवाल की पोती खुशी अपनी सफलता का श्रेय लगातार कड़ी मेहनत, रोजाना 8-10 घंटे अपनी पढ़ाई के लिए समर्पित करने और अपने परिवार के सहयोग को देती हैं। उन्होंने अपनी तैयारी को बेहतर बनाने के लिए प्रसिद्ध सीए तैयारी संस्थानों से ऑनलाइन कोचिंग भी ली। आरवीएस अकादमी की पूर्व छात्रा, जहां से उन्होंने 2018 में अपनी कक्षा 10 पूरी की, और राजेंद्र विद्यालय, जहां उन्होंने 2020 में कक्षा 12 पूरी की, खुशी ने अपनी सीए की पढ़ाई के साथ-साथ जमशेदपुर महिला कॉलेज में वाणिज्य स्नातक की पढ़ाई की। उपलब्धियों के परिवार से आने वाली खुशी के दो बड़े भाई राहुल और रोहित गोयल भी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं खुशी ने अपने माता-पिता, व्यवसायी संजय अग्रवाल और गृहिणी सविता अग्रवाल के प्रति उनके अटूट समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने सीए परीक्षा को पास करने की चुनौतीपूर्ण यात्रा में मार्गदर्शन करने के लिए अपने भाइयों को भी श्रेय दिया। भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर, खुशी ने कहा कि वह शुरुआत में नौकरी करना चाहती हैं और जीवन के बाद के चरण में अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने पर विचार करेंगी।

### मागदा गौंड़ समाज फुटबॉल प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न



**चक्रधरपुर।** दीवाना क्लब डुमरडिया की ओर से आयोजित एक दिवसीय मागदा गौंड़ समाज फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। दिशोम गुरू आशिर्वाद योजना के अध्यक्ष सह झामुमो नेता सन्नी उराँव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आदिवासी हो समाज महासभा प्रखंड अध्यक्ष दोराई हांसदा, बबलू गोव, गोपीनाथपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य भगवान गोप आदि उपस्थित रहें। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था जिसमें फाइनल मुकाबला सेगोईसाई जूनियर बॉइस पहाड़पुर के बीच खेला गया जिसमें प्लेंटी शूट आउट के माध्यम से जूनियर बॉइस पहाड़पुर टीम विजयी रही। सन्नी उराँव एंव उपस्थित अतिथि के हाथों विजेता उपविजेता टीमों को पुरस्कार दिया गया।

# डीसी ने घाटशिला में नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, स्कील सेंटर एवं आईटीआई का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।**




जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा क्षेत्र भ्रमण के क्रम में घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र में नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, स्कील सेंटर एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र (आईटीआई), घाटशिला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर में काउंसलर रूम, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी आदि का निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद पदाधिकारियों से निबंधित युवाओं की जानकारी ली। उन्होने नियोजनालय को आदर्श केन्द्र के रूप में स्थापित करने पर बल दिया जिससे बेरोजगार युवाओं को एक छत के नीचे प्रशिक्षण दिलाने के साथ-साथ उन्हें रोजगार-स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में उचित पहल हो, लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए पाठ्य पुस्तकें हों तथा प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी कर सकें। उन्होने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला तथा आसपास के जिलों में सैकड़ों की संख्या में निजी कंपनियां संचालित हो रही हैं, पदाधिकारी अपने स्तर से पहल करते हुए प्रशिक्षित युवाओं के नियोजन की दिशा में सार्थक प्रयास करें। मौके पर उन्होने डिस्पले किए कैरियर चार्ट का भी अवलोकन किया। अंग्रेजी के अलावे हिंदी भाषा में अनुवादित करते हुए कैरियर चार्ट डिस्पले करने के निर्देश दिए। साथ ही नियोजन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय बनाते हुए सभी विद्यालयों में कैरियर चार्ट लगाना सुनिश्चित करें जिससे बच्चों को 10वीं के बाद किस संकाय में क्या संभावना भविष्य में रहेगी इसका पहले से जानकारी मिल सके। वहीं, स्कील सेंटर के निरीक्षण के क्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना के तहत संचालित डाटा इंट्री ऑपरेटर व सेल्फ इंप्लॉयमेंट टेलर के प्रशिणार्थियों से संवाद स्थापित किया गया। उन्होने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि कैसे वे प्रशिक्षण के उपरांत सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार से भी जुड़ सकते हैं। उन्होने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा कई तरह की योजनायें चलाई जा रही हैं जिससे बेरोजगार युवा अपने हुनर के बल पर स्वावलंबी बन सकते हैं। प्रमुख रूप से राज्य सरकार की सी.एम.ई.जी.पी तथा पी.एम.ई.जी.पी योजना की जानकारी दी जिसमें सरकार द्वारा सब्सिडी पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही अपने कौशल को विकसित कर किसी भी परिस्थिति में कैसे बेहतर रोजगार से जुड़ सकते हैं तथा औरों को भी रोजगार दे सकते हैं इस सोच के साथ प्रशिक्षण पूरा करने पर उन्होने बल दिया। जिला उपायुक्त द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र (आईटीआई) के निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन वर्कशॉप के निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आईटीआई परिसर में गर्ल्स के लिए 50 बेड और ब्वॉयज के लिए 100 बेड के हॉस्टल का निर्माण तथा ओपन जिम और खेल मैदान के निर्माण का प्रस्ताव बढ़ाने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया। इस मौके पर उन्होने अन्य पदाधिकारियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला सुनिल चंद्रा, नियोजन पदाधिकारी घाटशिला चेतन कुमार शर्मा, नियोजन पदाधिकारी जमशेदपुर अरविंद कुमार, आईटीआई के प्राचार्य व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## ग्रामीणों ने 45 गोवंशीय पशुओं से लदे ट्रक को पुलिस के हवाले किया

**एजेंसी । गिरिडीह।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग ( एनएच-19 )के बड़कीटांड़ के निकट ग्रामीणों ने शनिवार को 45 गोवंशीय पशुओं से लदे ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस बाबत डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि उक्त वाहन में 45 से अधिक गोवंशीय पशु लोड है।आवश्यक जांच पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया ने बताया गया कि शनिवार को अहले सुबह क्षेत्र में टहल रहे थे कि एक कंटेनर जिसकी टायर पंचर हो जाने के कारण खड़ी थी।वाहन में पीछे से कुछ आवाज आ रही थी।संदेह होने पर हमलोगों ने देखा तो पता चला कि उक्त ट्रक में गोवंशीय पशुओं लदे है। इसके बाद इसकी सूचना निमियाघाट थाना प्रभारी,एसडीपीओ डुमरी एवं जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी को दिया। जिप सदस्या और भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार ने पहुंच कर देखा कि वाहन में ठुस ठुस कर गोवंशीय पशु लोड है। इसके बाद पुलिस ने पहुंच कर उक्त ट्रक को कब्जे में लेकर थाना ले गई। आवश्यक कार्रवाई पूरे कर पशुओ को स्थानीय गोशाला भेजा गया ।


## एसडीओ की पत्नी की इलाज के दौरान मौत,ससुराल वालों ने लगाया जलाकर मारने का आरोप

**एजेंसी । हजारीबागः** हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनिता कुमारी की मौत शनिवार अहले सुबह रांची के देवकमल अस्पताल में हो गया। अस्पताल प्रबंधन ने मौत की पुष्टि की है। एसडीओ के ससुराल वालों ने एसडीओ अशोक कुमार पर अनिता को जलाकर मार देने के आरोप में लोहसिंघना थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़िता का भाई राजू कुमार गुप्ता की लिखित शिकायत पर दर्ज एफआईआर में एसडीओ के अलावा उनके पिता दुर्योधन साव, छोटा भाई शिवनंदन कुमार और छोटे भाई की पत्नी रिंकू देवी को आरोपित बनाया गया है।



एफआईआर में राजू कुमार ने कहा है कि बहन बार-बार कहती थी कि उसके पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध है। इस बात पर दोनों के बीच विवाद होता था। इस मामले में एक बार दोनों परिवारों के बीच बातचीत भी हुई थी। तब एसडीओ ने कहा था कि आगे शिकायत करने का मौका नहीं मिलेगा।इसके बाद फिर पति-पत्नी में विवाद हुआ। हमलोग आए तो एसडीओ ने कहा था कि जहां जाना है जाओ, कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। मैं अनुमंडल पदाधिकारी हूं। तुम सबको बर्बाद कर दूंगा। ऐसी ही धमकी एसडीओ के पिता, छोटे भाई और उसकी पत्नी ने भी दी थी।राजू कुमार के मुताबिक 26 दिसंबर को सुबह 8:45 बजे एसडीओ के भाई ने फोन कर कहा कि अनिता जल गई है। यह कहकर फोन काट दिया। फिर मैंने फोन किया तो पता चला कि हजारीबाग के एक अस्पताल से बहन को रेफर कर दिया गया है। उन्हें बोकारो के बीजीएच ले जा रहे हैं। घटना कब हुई, कैसे हुई, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी। बाद में पता चला कि घटना सुबह सात बजे की है। हमलोग बोकारो पहुंचे तो देखा कि बहन बुरी तरह से झुलस चुकी थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि वह 65 फीसदी तक झुलस गई थी। जहां इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इधर एसडीओ अशोक कुमार ने कहा कि गुरुवार को पत्नी मॉर्निंग वॉक जाने को तैयार थी। घर में रंग-रोगन का काम चल रहा है। इसलिए मैंने पत्नी को रोका तो वह नाराज हो गई और खुद पर तेल छिड़ककर आग लगा ली। उसे बचाने में मेरे हाथ भी जल गए।

## झामुमो में वापसी का कोई ईरादा नहीं : चंपाई सोरेन



**एजेंसी। रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के विधायक चंपाई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में वापसी की बात से पूरी तरह से इनकार किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि किसी भी परिस्थिति में उनका झामुमो में लौटने का कोई इरादा नहीं है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि एक बार फिर कुछ न्यूज पोर्टलों के जरिये मेरे बारे में झूठी अफवाहें फैलाई जा रही हैं। एक साजिश के तहत बार-बार ऐसा करके समर्थकों में भ्रम पैदा करने और मुझे बदनाम की कोशिश की जाती है। बहुत ही स्पष्ट शब्दों में बताना चाहूंगा कि मैं जहां हूं, भविष्य में भी वहीं रहूंगा। किसी भी परिस्थिति में मेरा उस पार्टी में लौटने का कोई इरादा नहीं है।

## विशेष समुदाय के लोगों को सरकार दे रही खुला संरक्षणः बाबूलाल मरांडी



**एजेंसी। रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर शनिवार को कहा है कि झारखंड की अबुआ सरकार समुदाय विशेष के लोगों को जमीन विवाद से जुड़े मामलों में खुला संरक्षण दे रही है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान आदिवासियों को भुगतना पड़ रहा है। मरांडी ने कहा कि पाकुड़ में समुदाय विशेष के जरिये सरकारी जमीन पर जबरन अवैध निर्माण करना दर्शाता है कि इन्हें किस हद तक सरकार का संरक्षण प्राप्त है। संताल परगना सहित पूरे प्रदेश में आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जे की घटनाएं बढ़ रही हैं। आदिवासी समाज झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत का अहम हिस्सा है लेकिन बाहरी घुसपैठ और जमीन कब्जाने की घटनाओं के चलते वह अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा है कि वोटबैंक की राजनीति छोड़कर ऐसे मामलों में निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई करें, ताकि आदिवासियों के अधिकार और अस्तित्व सुरक्षित रह सकें।

## एग्रीकल्चर शिक्षा से जुड़े छात्रों ने मयूराक्षी सिल्क उत्पादन केंद्र दुमका का किया भ्रमण




**एजेंसी । दुमका।** देवघर के रविन्द्र नाथ टैगोर एग्रीकल्चर कॉलेज और रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से 15 दिवसीय ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम में भाग लेने आए 20 छात्रों ने शनिवार को दुमका स्थित मयूराक्षी सिल्क उत्पादन केंद्र पुराना विकास भवन का अवलोकन किया। उनके साथ क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र के डॉ एके साहा मौजूद रहे। इस मौके पर सेवा निवृत सहायक उद्योग निदेशक रेशम संथाल परगना के सुधीर कुमार सिंह ने छात्राओं को तसर कोकून का उत्पादन, धागे की निर्माण की प्रक्रिया एवं तसर कोकून से कितने प्रकार के धागे का निर्माण किया जाता है, इसकी जानकारी दी।

# डीजीपी ने पुलिस की सभी इकाई में साप्ताहिक परेड कराने का दिया आदेश

एजेंसी । रांची



**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिसकर्मियों का साप्ताहिक परेड कराने के संबंध में शनिवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने आदेश जारी किया है। डीजीपी के आदेश के बाद आईजी अभियान ने सभी जिला पुलिस इकाइयों को निर्देश जारी किया है कि वह नियमित रूप से साप्ताहिक परेड का आयोजन सुनिश्चित करें। साप्ताहिक परेड का आयोजन नहीं होने के कारण पुलिसकर्मियों में अनुशासनहीनता बढ़ रही है। साथ ही नियमित परेड से पुलिसकर्मी शारीरिक रूप से फिट रहते हैं। परेड न होने से उनकी शारीरिक दक्षता में कमी आ रही है। इसको लेकर जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी जिला, इकाई और वाहिनी में प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिन परेड का आयोजन अनिवार्य है। परेड का आयोजन मुख्य रूप से सोमवार को किया जायेगा। दूर-दराज के थानों और अनुमंडल के पुलिसकर्मियों को भी परेड में शामिल किया जायेगा। परेड में शामिल होने वाले पुलिसकर्मियों का रोस्टर बनाया जायेगा। परेड से संबंधित सभी जानकारी एक संचिका में रखी जायेगी, ताकि किसी भी समय जांच की जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समय-समय पर परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा राजा-रानी कोठी परिसर में स्थित सीआईडी, रेल और जैप के अधिकारी और कर्मचारी जैप-01 डोरंडा के परेड मैदान में शामिल होंगे।

## सोमवती अमावस्या 30 को, पूजा से पितृदोष, ग्रह दोष और अन्य कष्टों से मिलेगी मुक्ति



एजेंसी । रांची

**रांची।** सोमवती अमावस्या 30 दिसंबर को है। इस दिन वृद्धि योग और मूल नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है, जो बहुत शुभ माना जाता है। इस संयोग के कारण पिंडदान, तर्पण और महादेव की पूजा से पितृदोष, ग्रह दोष और अन्य कष्टों से मुक्ति मिल सकती है। इस संबंध में पंडित मनोज पांडेय ने शनिवार को बताया कि इस दिन निराहार रहकर-अपने पितरों की मुक्ति की कामना करनी चाहिए। यह दिन विशेष रूप से पितरों की पूजा और तर्पण करने का है। उन्होंने कहा कि पितरों की पूजा का महत्व माह में एक बार आता है। इसके अलावा अमावस्या के दिन भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा करने से सुख-समृद्धि प्राप्त होती है और पाप से मुक्ति मिलती है।

## कल्याण आश्रम के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण



एजेंसी । खूंटी

**खूंटी।** कल्याण आश्रम के स्थापना दिवस पर शनिवार को तोरपा प्रखंड के चार गांवों कालेट, चंपाबाहा, गडाटोली और बरदा में जरूरतमंद महिला-पुरुष के बीच कंबलों का वितरण किया गया। चंपाबाहा के ग्राम प्रधान रेडा मुंडा ने कहा कि इन क्षेत्रों में कल्याण आश्रम के जरिये शिशु मंदिर और ग्रामीण क्षेत्रों में एकल विद्यालय के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। इसके कारण यहां के लोग कल्याण आश्रम के साथ अधिक से अधिक लोग जुड़ रहे हैं और अपनी परंपरा, संस्कृति और रुढ़िवादिता को बनाए रखने में कल्याण आश्रम का कार्य सराहनीय है। प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि आज कल्याण आश्रम जनजाति समाज के लोग अधिक से अधिक कल्याण आश्रम से जुड़ रहे है, क्योंकि हमारी संस्कृति की रक्षा इसी से हा सकती है। खूंटी जिला अध्यक्ष नौरी पूर्ति और गौरव कुमारी देवी ने कल्याण आश्रम के बारे में विचार व्यक्त किये।

## झारखंड में आदिवासियों के अधिकार खतरे में : भाजपा

एजेंसी । रांची



प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सोरेन सरकार एक बार फिर निशाना साधा है। प्रदेश भाजपा के सोशल मीडिया पोस्ट पर शानिवार को लिखा है कि झारखंड में आदिवासियों के अधिकार खतरे में हैं। पाकुड़ में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण जारी है। मांझी-पहाड़िया समुदाय का आरोप है कि मेला के बहाने कब्जे की साजिश की जा रही है। सरकार और प्रशासन मौन क्यों है?

भाजपा ने लिखा है कि क्या आदिवासी अपनी ही जमीन पर पराये बन जायेंगे? सरकारी जमीन पर कब्जा रोकने में प्रशासन विफल क्यों है? साथ ही हेमंत सरकार से सवाल किया गया है कि आदिवासियों के अधिकारों की सुरक्षा कब होगी? अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई कब होगी? हेमंत सरकार आपकी चुप्पी, उनकी हिम्मत बढ़ा रही है। जनता सवाल पूछे, सरकार जवाब दे। प्रदेश भाजपा ने एक दूसरे सोशल मीडिया के पोस्ट पर लिखा है कि झारखंड के 34 लाख से अधिक एसटी, एससी, ओबीसी वर्ग के बच्चों को पिछले नौ महीने से छात्रवृत्ति नहीं मिली। साथ ही 20 लाख ग्रीन राशन कार्ड धारक परिवार सात महीने से राशन का इंतजार कर रहे हैं। क्या यही है "आदिवासी कल्याण" और "गरीबों का हक दिलाने की बात करने वाली सरकार? झारखंड के लाभार्थियों का हक कब मिलेगा?

## वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने किया एमआरएमसीएच का निरीक्षण, अव्यवस्था पर भड़के

एजेंसी । पलामू



राज्य सरकार के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने शनिवार को पलामू प्रमंडलीय मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई गड़बड़ियां मिलीं। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताई गई और सुधार का निर्देश दिया। वित्त मंत्री ने करीब एक घंटे तक पूरे अस्पताल परिसर का घूम-घूम कर जायजा लिया। मरीजों से अस्पताल की व्यवस्था पर बातचीत की। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर एमआरएमसीएच की व्यवस्था देखने के लिए अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल में उन्होंने सबसे पहले डॉक्टरों की उपस्थिति जांची। डॉक्टर इंचार्ज डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ड्यूटी से गायब मिले। सिविल सर्जन भी मौके पर नहीं थे। सुपरिटेंडेंट छुट्टी पर थे। प्रभारी सुपरिंटेंडेंट डॉ. संजय कुमार मौके पर थे। वित्त मंत्री अस्पताल परिसर में गंदगी देखकर काफी नाराज हुए। उन्होंने प्रभारी सुपरीटेंडेंट डॉ. संजय को साफ-सफाई का विशेष निर्देश दिया। मरीजों से बातचीत करने पर उन्हें कई कमियां बताई गईं। ऑर्थो विभाग में जांच करने पर पाया गया कि आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने आई बारालोटा की महिला रोगी सविता देवी को मोबाइल नंबर देकर निजी दवा दुकान से ऑपरेशन के समान खरीदवा दिए गए थे। इसी तरह पोखरीकला के एक मरीज को भी बाहर से ऑपरेशन के सामान खरीदने के लिए मजबूर करने की जानकारी मिली। पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि एमआरएमसीएच प्रमंडलीय अस्पताल है। कई सुविधाएं मरीजों के हित में झारखंड सरकार ने मुहैया कराई हैं लेकिन इसका अनुपालन नहीं कराया जा रहा है। अस्पताल की व्यवस्था देखने वाला कोई नजर नहीं आया। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के पक्षधर हैं लेकिन जमीनी कार्य करने वाले डॉक्टर और कर्मी प्रॉपर सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस वजह से मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जिसको जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी करनी होगी अन्यथा उन पर कार्रवाई होगी। पहले दिन चेतावनी देकर सुधार करने का निर्देश दिया गया है। अगली बार कमियां पाए जाने पर सीधे कार्रवाई होगी। वित्त मंत्री ने डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों को ड्यूटी के दौरान यूनिफॉर्म में रहने का निर्देश दिया है, ताकि उनकी पहचान हो सके और मरीजों को लाभ मिल सके।

## सांसद के आवासीय कार्यालय में डॉ मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

एजेंसी । खूंटी

खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में शनिवार को सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दो मिनट का मौन रख कर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को नमन किया। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि उनके जैसा प्रधानमंत्री शायद ही देश को आगे मिल पायेगा। उनके जरिये किए गए कार्य से आज देश की अर्थव्यवस्था ऊंचाई पर पहुंची है। अर्थशास्त्री होने के नाते उन्होंने हर संभव देश की अर्थव्यवस्था को खराब होने नहीं दिया, बल्कि देश की स्थिति को हमेशा प्रगतिशील रखा। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो ने कहा कि इस महान विभूति को देश कभी भूल नहीं पायेगा। उनके जरिये दिए गए कार्य के लिए देश उनका ऋणी रहेगा। प्रदेश सहकारिता के महासचिव नाईमुदीन खान ने कहा कि कभी कभी ही ऐसी महान विभूतियों का जन्म होता है। डॉ मनमोहन सिंह का निधन न सिर्फ कांग्रेस, बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष गोपाल भगत, पॉल भेंगरा सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें: ज्योति कुमारी

एजेंसी । खूंटी

उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर मारंगहदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को रोगी कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने की। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन और रोगियों की बेहतर देखभाल के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में रोगियों की समस्याओं, दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने केंद्र की चुनौतियों और आवश्यकताओं के संबंध में अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।



## दिव्यांग एवं विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा रक्तदान किया गया

संवादाता।






**श्रमबिंदु/रांची।** आज पहली बार झारखंड प्रशिक्षित विशेष शिक्षक एवं दिव्यांगजन संघ,रांची के द्वारा एवं स्वैच्छिक रक्तदान संगठन लहू बोलेगा रांची के सहयोग से थैलेसीमिया,सिकल सेल और हीमोफीलिया से ग्रसित दिव्यांगजनों के लिए रांची प्रेस क्लब परिसर में रक्तदान-महादान शिविर आयोजित हुआ।

जिसमें दिव्यांग एवं दिव्यांग के विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों ने 6 यूनिट ब्लड रक्तदान किया एवं 3 रक्तदाताओं के आवेदकों का होमोग्लोबिन कम होने एवं हाई बीपी की वजह से नही हुआ,रक्तदान रांची सदर अस्पताल ब्लड बैंक को समर्पित हुआ।

रक्तदान करने वालों में विशेष शिक्षक पॉवेल कुमार,शिक्षक श्रीमंत कुमार,शिक्षक विजय कुमार एवं दिव्यांग सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, अशोक कुमार महतो सहित दुर्गेश कुमार गौरव ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार एवं विशिष्ट अतिथि महासचिव रांची प्रेस क्लब के संपादक अमरकांत जी ने किया।

लहू बोलेगा के द्वारा डॉ प्रभात कुमार(सिविल सर्जन रांची),संपादक अमरकांत जी,डॉ अनुराधा वत्स एवं आयोजक पॉवेल कुमार को शॉल पहनाकर स्वागत किया गया।

रक्तदाताओं के लिए सेब,रसगुल्ला,बिस्कुट, पानी एवं जूस दिया गया।

कार्यक्रम में डॉ अनुराधा वत्स(क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट),विशेष शिक्षक पॉवेल कुमार,विशेष शिक्षक छाया मैड्म,सीता मुंडा,दिव्यांग फंटूश मंडल,दिव्यांग लालू उरांव,दिव्यांग मुखिया कुमारी देवी,दिव्यांग कोरिल कुशवाहा सहित लहू बोलेगा के नदीम खान,अकरम राशिद,असफर खान,साज़िद उमर,मो बब्बर,अतिकुर रहमान,नौशाद आलम,सैफ हैदरी शामिल थे।

स्वैच्छिक रक्तदान संगठन लहू बोलेगा रांची---

(नदीम खान द्वारा जारी

## सुविचार

**तुम ईश्वर की चाहे जैसे प्रार्थना करो, वो उन तक पहुँचती है। ध्यान रखो वो चींटी के कदमों की आहट भी सुन सकते हैं।**

## ट्वीट

जनप्रिय राजनेता, कुशल रणनीतिकार व प्रखर वक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री, 'पद्म विभूषण' स्व. अरुण जेटली की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन। प्रगतिशील व श्रेष्ठ नीति-निर्धारक के रूप में आपका व्यक्तित्व सकारात्मक राजनीति के लिए दीर्घकाल तक प्रेरित करता रहेगा।

-वसुंधरा राजे



राजस्थान कैबिनेट बैठक में नवगठित जिलों में से 9 जिले और 3 संभाग खत्म करने के निर्णय पर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा, प्रदेश सरकार ने ये निर्णय लेने में 1 साल का समय लगा दिया।

-अशोक गहलोत



## कहानी

**मुंशी प्रेमचंद**

# नरक का मार्ग



'भक्तमाल' पढ़ते हुए न जाने कब नींद आ गई पता ही नहीं चला। भागवत प्रेम में ही कई महात्मा हर दम मग्न रहते थे। इस तरह की लग्न और भक्ति बड़े ही तप से प्राप्त होती है। क्या मुझसे वैसा तप नहीं हो पाएगा? जीवन में भक्ति से बड़ा क्या कोई सुख है? आभूषणों और धन-दौलत से जो प्रेम हो वो क्या प्रेम? इनका तो नाम सुनते ही मुझे बुखार सा हो जाता है। सुशीला ने इन आभूषणों और फूलों से मुझे कितना सजाया था। उसे मैंने मना भी किया था ये सब करने से, लेकिन वो मानी ही नहीं। इस शृंगार के दौरान जितना हम लोग हंसे थे बाद में मुझे उतना ही रोना पड़ा।

आखिर किसी का पती ऐसा होता है, जो अपनी पत्नी को सजा हुआ देखकर नाराज हो जाए। मेरे पति ने तो मुझे सजा-धजा देखकर गुस्सा किया और कहा कि तुम मेरा परलोक बिगाड़ दोगी। क्या किसी के पति ऐसे होते हैं, जो अपनी पत्नी की खूबसूरती और शृंगार देखकर गुस्सा करने लगें? उनके बातें सुनकर मन में तो होता है कि जहर ही खा लूं, लेकिन फिर मैंने नीचे जाकर 'भक्तमाल' पढ़ना शुरू कर दिया। फिर मन ही मन ठान लिया कि अपने इस शृंगार को सिर्फ बांके बिहारी को ही दिखाऊंगी और उनकी ही दिन रात सेवा करूंगा। कम-से-कम वो तो मेरे शृंगार से पति की तरह नहीं जलेंगे।

भगवान मैंने हमेशा से ही अपने पति को अपना इष्ट मानना चाहा। सोचा कि उन्हें किसी तरह का दुख न दूं और हरदम उनकी ही सेवा करूं। अब क्या करूं सारा दोष मेरे नसीब का ही है। वो तो निर्दोष हैं। मेरे भाग्य में जैसा लिखा है मैं वो सब भोग रही हूं। इतना सब पता होने के बाद भी जब भी उन्हें देखती हूं, तो मन में दुख होता है। जब वो कुछ दिनों के लिए बाहर चले जाते हैं, तो मन का बोझ कुछ कम हो जाता है। उनके न होने से हंसने-खेलने और जीवन को जीने लगती हूं। फिर जब कुछ दिनों बाद वो लौट आते हैं, तो उसी तरह का सन्नाटा और दुख छा जाता है।

मेरे मन में होता है कि वो मेरे पिछले जन्म के दुश्मन रहे होंगे और उस दुश्मनी का बदला लेने के लिए उन्होंने मुझसे विवाह किया होगा। तभी न मेरा मन उन्हें देखते ही उदास हो जाता है और उनकी सूरत मुझे बिल्कुल नहीं भाती। शायद इसी वजह से वो मुझे देखकर जलते रहते हैं। विवाह न किया होता, तो शायद आज सुखी होती। किन्तु दुनिया का दस्तूर है कि बेटी को किसी-किसी न पुरुष के साथ जन्मों के लिए बांध दिया जाता है।

यह क्या जानें कि एक युवती अपने पति को लेकर कितने सपने संजोकर रखती है। उसके लिए उसका पति कितना खास होता है, लेकिन यहां सब उल्टा है। इन्हें देखते ही मेरे सीने में जलन सी होने लगती है। कभी इन्हें देखकर आंखों को वो शीतलता नहीं मिली, जो पति को देखकर एक युवती को मिलनी चाहिए। उधर, सुशीला को देखती हूं, तो दुख और बढ़ जाता है। वो हमेशा हंसती-मुस्कुराती है। कभी अपनी गरीबी का रोना नहीं रोती। न उसके पास कपड़े अच्छे हैं और न ही गहने। मकान भी छोटा सा है। मन में होता है कि काश! मैं अपना धन देकर उसकी परेशानियां ले लेती। फिर होता है कि उसका पति ही उसका सबसे बड़ा धन है। उसी से सुशीला को पूरी दुनिया का सुख मिल जाता होगा।

सालों से इस सवाल को मन में दफन करने के बाद होते-होते एक दिन मुझसे रहा न गया। आखिर मैंने अपने पति से यह सवाल कर ही लिया कि आपने मुझसे शादी क्यों की थी? इस सवाल को सुनते ही मेरे पति ने मुंह बना लिया। वो चिढ़ते हुए बोले, अपना घर-परिवार संभालने के लिए और क्या? भोग के लिए नहीं? इतना सुनते ही मैंने पूछा, क्या मैं सिर्फ इस घर का ख्याल रखने के लिए हूं? उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। फिर मेरे मन में हुआ कि पहले इस घर का सारा सामान जहां-तहां पड़ा रहता था। नौकर सब पूरा पैसा बर्बाद करते थे। अब मैं आ गई हूं तो इन सबका ख्याल रखना ही मेरा धर्म है और मुझे यह सोचकर खुश होना चाहिए कि इतनी संपत्ति मेरे पास है।

पहले मैं पूरे घर का ख्याल इनके बिना कहे रखती थी, लेकिन अब कुछ नहीं करूंगी। ऐसे घर की किसी भी वस्तु को मैं आगे से हाथ नहीं लगाऊंगी। लेकिन, कोई पुरुष विवाह सिर्फ घर संभालने के लिए थोड़ी करता है। उन्होंने जरूर ये जवाब मुझे गुस्से में चिढ़कर दिया है। वैसे सुशीला ठीक ही कहती थी कि एक घर महिला के बिना अधूरा होता है। ठीक उसी तरह से जैसे एक पिंजरा बिना किसी चिड़िया के खाली लगता है।

मैं समझ नहीं पाती हूं कि आखिर इन्हें मुझपर इतना संदेह क्यों होता है। मैं किसी से बात तक नहीं करती और न ही कहीं बाहर आती-जाती हूं। ऐसे में शक करने की कोई वजह भी नहीं है। क्या इन्हें समझ नहीं आता कि मैं घर की इज्जत और मान-मर्यादा के बारे में सब कुछ समझती हूं। किसी भी तरह की गलत हरकत करने की तो दूर मैं उसके बारे में सोच भी नहीं सकती हूं। कभी-कभी मुझे लगता है कि आधे से ज्यादा उम्र निकल जाने पर विवाह करने वाले बुजुर्ग लोगों का यही हाल होता होगा। बेवजह ही अपनी पत्नी पर शक करते होंगे।

सुशीला के बहुत बार कहने पर आज मैं उसके साथ ठाकुर जी की झांकी के दर्शन करने के लिए जाने वाली थी। मैं अपने बाल संवार ही रही थी कि तभी मेरे पति कहीं से आ गए। उन्होंने मुझे देखते ही पूछा, किधर जाने की तैयारी हो रही है? मैंने जवाब में कहा कि ठाकुर जी की झांकी आज निकल रही है उसी को देखने के लिए सुशीला के साथ जाना है। इतना सुनते ही वो गुस्से में बोले कि तुम्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं है। अपने पति की जिससे सेवा नहीं हो सकती है, उसे भगवान के दर्शन से भी कोई लाभ नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं महिलाओं को अच्छे से।

उनकी यह बात सुनते ही मुझे बहुत बुरा लगा। गुस्से में मैंने कपड़े बदल लिए और चुपचाप बैठ गई। मन में हुआ कि उसी वक्त घर छोड़कर चली जाऊं। फिर देखती हूं कि कैसे रोकते हैं, लेकिन पता नहीं क्या हुआ कि जा नहीं पाई। इनके मन में हमेशा ये होता है कि मुझे हरदम खुश रहना चाहिए, क्योंकि मैं इतने बड़े घर और दौलत की मालकिन हूं। मुझे हरदम इनका गुणगान करना चाहिए, लेकिन यह समझते नहीं हैं कि धन-दौलत ही सबकुछ नहीं होता है।

अब ये तीन दिन से बीमार हैं। उन्हें निमोनिया हो गया है और कितने दिनों से यह करहा रहे हैं, लेकिन मैं इन्हें एक बार भी देखने नहीं गई। सभी घर में मौजूद नौकर उनका ख्याल रख रहे थे, लेकिन मेरे दिल में किसी तरह की करुणा इनके लिए नहीं आई। मेरा मन इतना कठोर नहीं था, लेकिन जिस तरह से इन्होंने मुझे इस घर में कैदी की तरह रखा, हरदम शक किया और एक पल भी सुख नहीं दिया, उसके बाद इनके लिए दया मन में नहीं आती है।

मन में होता है कि मुझे दिए गए दुखों का भगवान ने इन्हें दण्ड दिया है। अगर कोई समझे कि महिला को यूं ही किसी पुरुष के गले बांध दें और उसे किसी भी तरीके से रखें सो पूरी तरह गलत है। सुना है कि वो अपनी बीमारी का दोष मुझे ही दे रहे हैं, लेकिन मुझे परवाह नहीं है। ये चाहें, तो किसी को भी अपना धन-दौलत दे सकते हैं। इसकी मुझे बिल्कुल जरूरत नहीं और न ही लोभ है। होते-होते एक दिन वो गुजर गए। आज उनको गए तीन दिन हो चुके हैं। मैंने उनके जाने के बाद चूड़िया नहीं तोड़ीं। मैं सिंदूर तो पहले भी नहीं लगाती थी और अभी भी नहीं लगाती। मेरे बुजुर्ग पति के बेटे ने ही उनका अंतिम संस्कार किया।

घर के सभी लोग तरह-तरह के मुझे ताने देते हैं। मेरे बंधे हुए लंबे बाल देखकर सुनाते हैं, लेकिन मुझे जरा भी बुरा नहीं लगता है। ऊपर से मैं सभी को चिढ़ाने के लिए रंग-बिरंगी साड़ियां भी पहन लेती हूं। मेरे मन में होता है कि मैं इस कैद से रिहा हो गई हूं।

एक दिन मैं सुशीला के घर गई। उसके घर में किसी तरह की सुख-सुविधा नहीं थी। चारपाई तक वहां पर नहीं थी, लेकिन वो इतनी खुश थी कि उसे देखते ही मन में ऊर्जा का संचार हो जाता है। इन लोगों को गरीब और नीच कैसे समझें, जो हरदम मुस्कुराते रहते हैं और प्रेम भरी बातें करते हैं। भले ही यह आनंद पल भर का था, लेकिन इससे जीवन सफल सा लगता है।

फिर एक दिन मैंने सुशीला से पूछा कि अगर तुम्हारे पति किसी दिन परदेश नौकरी के लिए चले गए, तो क्या तुम उनकी याद में रो-रोकर अपनी जान दे दोगी। सुशीला जवाब में बोली, नहीं, जान तो नहीं दूंगी, लेकिन उनकी याद से हरदम मन आनंदित होता रहेगा। भले ही वो सालों परदेश में रह लें, लेकिन उनकी याद हमेशा ही मुझे खुशी देती रहेगी।

मैंने भी कहा कि सुशीला मुझे भी ऐसी ही खुशी चाहिए, जिसके आनंद में हमेशा मैं झूमती और गाती रहूं। ऐसा आनंद जो कभी कम ही न हो। मन आजकल काफी परेशान और चंचल था। होता था कि कहीं एकदम उड़ जाऊं। भक्ति के ग्रंथों को पढ़ने का भी मन न था और न ही बाहर कहीं सैर करने का। ऐसा लगता था कि मन को पता ही नहीं उसे क्या चाहिए, लेकिन मेरे दिल में अपने पुराने दुख ही चल रहे थे। अब मुझे किसी की भी निंदा से फर्क नहीं पड़ता था। दिमाग में यह बात भी उठ रही थी कि मेरे माता-पिता ने पैसों के लोभ में बूढ़े से विवाह करवा दिया और उसने भी सिर्फ अपनी जिद पूरी करने के लिए मेरी मांग में सिंदूर डाला, लेकिन जिंदगी भर शक ही करता रहा।

एक दिन घर के सभी लोग सो रहे थे। कमरे में मेरा दम घुट रहा था, इसलिए मैं दौड़कर उस घर से बाहर की ओर भाग गई। तभी मुझे एक बुढ़िया दिखी। मेरे मन में हुआ कि कहीं वो कोई चुड़ैल न हो। तभी बुढ़िया ने कहा कि किसका रास्ता देख रही हो?

मैंने जवाब में कहा, मरने की राह देख रही हूं। बुढ़िया बोली अभी तुम्हारे नसीब में मौत नहीं है। तुम्हें कई सारे सुख भोगने हैं। मैंने भी चिढ़ते हुए उस बुढ़िया से पूछा कि इतनी रात में तुम किस्मत की लकीरें पढ़ लेती हो?

आंखों से थोड़ी पढ़ती हूं। अक्ल से पढ़ लेती हूं। ये काम करते हुए ही सारी उम्र बीती है। तुम्हारे अब अच्छे दिन आ रहे हैं। मैं बस यही चाहती हूं, जिसकी जो मनोकामना हो वो उसे मिल जाए, जवाब देते हुए बुढ़िया ने कहा।

मैंने कहा कि मुझे कोई धन-दौलत नहीं चाहिए और जो मैं चाहती हूं, वह तुम नहीं दे सकती हो। तब बुढ़िया ने कहा, मैं जानती हूं तुम्हें जीवन में सिर्फ प्रेम चाहिए और मैं यह तुम्हें दिला सकती हूं। मैं तुम्हें प्यार की नाव में बैठा सकती हूं उस अम्मा की बातें सुनकर मुझे लगा जैसे कि वो स्वर्ग से मेरी मदद करने के लिए आई हो। मैंने पूछा, अम्मा तुम्हारा घर कहां है? उसने कहा कि पास में ही है बेटा। मैं उस अम्मा के पीछे-पीछे चलने लगी।

बुढ़िया के पीछे चलते-चलते मुझे पता लगा कि वो किसी स्वर्ग से आई मेरी मददगार नहीं, बल्कि एक डायन ही है। कहां मैं अमृत की तलाश में थी और जहर मिल गया। मैं तो सुशीला जैसा सुख पाना चाह रही थी, लेकिन कहां डायन की चपेट में आ गई। मेरी इस हालत के जिम्मेदार लोभी माता-पिता और मुझे अपनी पत्नी बनाने के ख्वाब देख रहा वो वृद्ध है, जिसने मुझे अपनी जिद के लिए पत्नी बनाया।

मैं अपनी ये आत्मकथा कभी न लिखती, लेकिन मैं चाहती हूं कि सभी माता-पिता ये समझ लें कि पैसा जीवन में सबसे बड़ा नहीं होता है। मेरी चाहत है कि सब लोगों को मेरी आत्मकथा से मालूम हो कि लड़कियों का विवाह यूं ही किसी से नहीं कर देना चाहिए। किसी भी लड़की का गला इस तरह से वृद्ध से विवाह करके न घोंट दो। अब मेरे जीवन में कुछ भी नहीं बचा। सब कुछ सिर्फ मां-बाप के एक फैसले से खत्म हो गया।

## संजय उवाच



# एकोऽहम् बहुस्याम्

शहर में ट्रैफिक सिग्नल पर बल्ब के हरा होने की प्रतीक्षा में हूँ। लाल से हरा होने, ठहराव से चलायमान स्थिति में आने के लिए संकेतक 28 सेकंड शेष दिखा रहा है। देखता हूँ कि बाईं ओर सड़क से लगभग सटकर पान की एक गुमटी है। दोपहर के भोजन के बाद किसी कार्यालय के चार-पाँच कर्मी पान, सौंफ आदि खाने के लिए निकले हैं। एक ने सिगरेट खरीदी, सुलगाई, एक कश भरा और समूह में सम्मिलित एक अपने एक मित्र से कहा, 'ले।' सम्बंधित व्यक्ति ने सिगरेट हाथ में ली, क्षण भर ठिठका और मित्र को सिगरेट लौटाते हुए कहा, नहीं, आज सुबह मैंने अपनी छकुली (नन्ही बिटिया) से प्रॉमिस की है कि आज के बाद कभी सिगरेट नहीं पीऊँगा। मैं उस व्यक्ति का चेहरा देखता रह गया जो संकल्प की आभा से दीप्त हो रहा था। बल्ब हरा हो चुका था, ठहरी हुई ऊर्जा चल पड़ी थी, ठहराव, गतिमान हो चुका था।

वस्तुत: संकल्प की शक्ति अद्वितीय है। मनुष्य इच्छाएँ तो करता है पर उनकी पूर्ति का संकल्प नहीं करता। इच्छा मिट्टी पर उकेरी लकीर है जबकि संकल्प पत्थर पर खींची रेखा है। संकल्प, जीवन के आयाम और दृष्टि बदल देता है। अपनी एक कविता स्मरण हो आती है,

कह दो उनसे,
संभाल लें
मोर्चे अपने-अपने,
जो खड़े हैं
ताक़त से मेरे ख़िलाफ़,
कह दो उनसे,
बिछा लें बिसातें
अपनी-अपनी,
जो खड़े हैं
दौलत से मेरे ख़िलाफ़,
हाथ में
क़लम उठा ली है मैंने
और निकल पड़ा हूँ
अश्वमेध के लिए...!

संकल्प अपनी साक्षी में अपने आप को दिया गया वचन है। संकल्प से बहुत सारी निर्बलताएँ तजी जा सकती हैं। संकल्प से उत्थान की गाथाएँ रची जा सकती हैं।

संकल्प की सिद्धि के लिए क्रियान्वयन चाहिए। क्रियान्वयन के लिए कर्मठता चाहिए। संकल्प और तत्सम्बंधी क्रियान्वयन के अभाव में तो सृष्टि का आविष्कार भी संभव न था। साक्षात विधाता को भी संकल्प लेना पड़ा था, 'एकोऽहम बहुस्याम्' अर्थात मैं एक से अनेक हो जाऊँ। एक में अनेक का बल फूँक देता है संकल्प।

संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए स्वामी विवेकानंद का मंत्र था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात उठो, जागो, और ध्येय की प्राप्ति तक मत रुको।

संकल्प मनोबल का शस्त्र है, संकल्प, असंभव से 'अ' हटाने का अस्त्र है। उद्देश्यपूर्ण जीवन की जन्मघुट्टी है संकल्प, मनुष्य से देवता हो सकने की बूटी है संकल्प।..इति।

## बोध कथा

# रोटी क्या है?

एक बार मुल्ला नसरुद्दीन पर मुकदमा चला कि वह राज्य के लिए खतरा बन सकते हैं। उन पर आरोप था कि वह राज्य में घूम-घूमकर धर्मगुरुओं, प्रशासनिक अधिकारियों, नेताओं और दार्शनिकों के बारे में अफवाह फैला रहे हैं कि इनमें ज्ञान की कमी है और ये सभी अज्ञानी हैं। मुकदमे की कार्रवाई के लिए मुल्ला नसरुद्दीन को दरबार में बुलाया गया।

जब दरबार में मुल्ला नसरुद्दीन पहुंचा, तो राजा ने उनसे कहा, तुम अपनी बात दरबार में मौजूद सभी के सामने रखो। मुल्ला ने राजा से कहा, आप कुछ कागज और कलम मंगवा लीजिए। राजा ने कागज और कलम मंगवा लिए। मुल्ला ने राजा से कहा, यहां बैठे बुद्धिमान व्यक्तियों में से सात को ये कागज दे दें। राजा ने वैसा ही किया। फिर मुल्ला ने उनसे एक सवाल पूछा और उत्तर कागज पर लिखने को कहा। सातों के लिए मुल्ला का सवाल था कि रोटी क्या है?

थोड़ी देर में सभी ने अपना जवाब कागज पर लिख दिया। फिर एक-एक कर सभी ने अपना जवाब राजा और दरबार में उपस्थित सभी के सामने पढ़कर सुनाया।

पहले व्यक्ति ने अपने उत्तर में लिखा रोटी एक तरह का खाना है।

दूसरे व्यक्ति ने लिखा रोटी, आटे और पानी का मिश्रण है।

तीसरे ने जवाब में लिखा यह भगवान का वरदान है।

चौथे ने अपने उत्तर में लिखा रोटी पका हुआ आटे का लौंदा है।

पांचवे ने जवाब में लिखा इसका जवाब इस बात पर निर्भर करता है कि रोटी से आपका अभिप्राय क्या है।

छठवें ने जवाब में लिखा रोटी पौष्टिक तत्व से समृद्ध आहार है।

आखिर में सातवें ने लिखा रोटी के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। सभी के जवाब के बाद मुल्ला ने दरबार में कहा, अगर रोटी को लेकर इतने ज्ञानी और गुणी लोगों का मत एक समान नहीं है, तो ये किसी विषय पर निर्णय देने के लिए एकमत कैसे हो सकते हैं? ये सभी लोग मिलकर यह निर्णय कैसे ले सकते हैं कि मैं लोगों को गलत बातें बता रहा हूं। फिर मुल्ला ने राजा से कहा, क्या आप महत्वपूर्ण विषयों पर परामर्श और निर्णय देने का अधिकार ऐसे लोगों को दे सकते हैं, जो रोज रोटी खाते हैं, लेकिन इसे लेकर एकमत नहीं हैं। मुल्ला नसरुद्दीन ने आगे कहा, जो लोग किसी विषय पर एकमत नहीं हो सकते हैं, वो कैसे कह सकते हैं कि मैं लोगों को भ्रष्ट करता हूं।

### कहानी से सीख

इस कहानी से यह सीख मिलती है कि किस विषय पर अपना मत रखने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी होना जरूरी है।



## वीर गाथा

# ले. कर्नल रामकृष्णन विश्वनाथन: 'जाएंगे तो सिर्फ तिरंगे में लिपटकर, बस भारत की विजय हो'

लेफ्टिनेंट कर्नल रामकृष्णन विश्वनाथन का जन्म 12 जनवरी, 1960 को केरल के कोच्चि में हुआ था। वी रामकृष्ण अय्यर और कमला देवी के वीर पुत्र विश्वनाथन ने कारगिल युद्ध में अत्यंत वीरता का प्रदर्शन किया था। वे 18 ग्रेनेडियर्स के सेकंड-इन-कमांड थे, जो द्रास सेक्टर में तोलोलिंग पहाड़ी पर ऑपरेशन चला रही थी।

विश्वनाथन ने केंद्रीय विद्यालय से पढ़ाई की थी। उन्होंने साल 1980 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से अपना सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया था। इसके बाद उन्हें जून 1981 में भारतीय सेना में कमीशन दिया गया था। वे श्रीलंका में शांति सेना और बाद में अंगोला में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में भी शामिल हुए थे।


विश्वनाथन ने कारगिल युद्ध में जो पराक्रम दिखाया, उससे पाकिस्तानी घुसपैठिए उल्टे पांव भागने को मजबूर हो गए थे। उन पर भारी गोलाबारी हो रही थी। वहीं, भौगोलिक परिस्थितियां बहुत कठिन थीं। इसके बावजूद उन्होंने 15,000 फीट से ज्यादा की ऊंचाई पर दुर्गम रास्ता पार करते हुए उस इलाके तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की, जहां दुश्मन ने धोखे से कब्जा कर रखा था।

पाकिस्तानी फौज को भ्रम था कि इतनी ऊंचाई पर उसके जवानों को कोई नहीं खदेड़ सकता। विश्वनाथन और उनके साथी जवानों ने इस भ्रम को जल्द ही तोड़ दिया। अपने लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश करते हुए विश्वनाथन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें कई गोलियां लगी थीं।

वे जानते थे कि अब ज़िंदा लौटकर नहीं जा सकते। जाएंगे तो सिर्फ तिरंगे में लिपटकर, बस भारत की विजय हो।

विश्वनाथन अपने साथियों का हौसला बढ़ाते रहे और दुश्मन को ललकारते रहे। उनके शरीर से काफी खून बह रहा था, लेकिन उन्होंने पीछे हटने से इन्कार कर दिया था। उन्होंने दुश्मन के घेरे को भेदते हुए उसके तीन ठिकानों को ध्वस्त किया। बेहद करीबी मुकाबले में चार पाकिस्तानी फौजियों को भी मार गिराया था।

इससे भारतीय जवानों के लिए आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया और प्वाइंट 4590 पर कब्जा करने में बहुत मदद मिली। लेफ्टिनेंट कर्नल रामकृष्णन विश्वनाथन वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके साहस और बलिदान को देशवासी कभी नहीं भूलेंगे। उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया।



न्यूज़ अपडेट

## सरकारी अधिकारी बन ठगी करने वाले दस साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर।** देवघर जिला के साइबर थाना की पुलिस ने सरकारी अधिकारी बन कर ठगी करने वाले दस साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी साइबर अपराधियों को सारवां थाना क्षेत्र के ग्राम सुडियाडीह और घोरपरास के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में 29 वर्षीय पलटन कुमार दास, 29 वर्षीय सुनील कुमार दास, 25 वर्षीय अनिल दास, 24 वर्षीय अमिर अंसारी, 24 वर्षीय नवीन कुमार, 22 वर्षीय अमन कुमार तुरी, 22 वर्षीय सुमन सौरभ महरा, 22 वर्षीय इजहार अंसारी, 24 वर्षीय अख्तर अंसारी और 25 वर्षीय अरबिंद कुमार मंडल का नाम शामिल है। पुलिस ने इन साइबर अपराध के अभियुक्तों के पास से 14 मोबाइल फोन, 22 सिम कार्ड और 3 एटीएम कार्ड बरामद किया है। इस संबंध में देवघर पुलिस के मीडिया सेल द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास बरामद 6 मोबाइल फोन के विरुद्ध प्रतिबिंब पोर्टल में और 4 मोबाइल नंबर धारकों के विरुद्ध जेएमआइएस पोर्टल में शिकायत दर्ज है।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर 2 मिनट का रखा गया शोक



**दुमका।** इंडोर स्टेडियम दुमका में दिन शनिवार को जिला कला संस्कृति संघ, दुमका के सदस्यों व पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक आहूत की गई। संघ के अध्यक्ष शिशिर घोष की अध्यक्षता में आहूत बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड सरकार द्वारा 26 दिसंबर 24 से 01 जनवरी 25 तक घोषित राजकीय शोक के आलोक में यह निर्णय लिया गया कि सरकार की घोषणा का सम्मान करते हुए सम्यक विचारोपरांत जिला कला संस्कृति संघ के वार्षिक कार्यक्रम की तिथि 5 जनवरी 2025 को रखी जाय। प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि स्वरूप संघ की ओर से 2 मिनट का मौन सखा गया। बैठक में अशोक सिंह अध्यक्ष, डॉ0 मधुर सिंह कोषाध्यक्ष, महेंद्र प्रसाद साह उपाध्यक्ष, डॉ0 मनोज कुमार घोष, संगीता सिन्हा, शर्मिला सिन्हा, संजय कुमार, तारापद बाउरी, विष्णु देव महतो, किशोर चंचल, दिलीप मिर्धा, नीलकंठ झा इत्यादि इस अवसर पर उपस्थित थे।

## एक दिवसीय भर्त्ती-कैम्प का आयोजन




**दुमका।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका में दिन शनिवार को एक दिवसीय भर्त्ती-कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें वेनोदा सर्विस प्राइवेट लिमिटेड गोडडा एवं आर वी एस एजुकेशनल ट्रस्ट दुमका के द्वारा दुमका, देवघर, गोड्डा, गिरीडीह, बोाकरो, जमशेदपुर, दिल्ली, बैंगलोर एवं पुणे के लिए कुल-99 रिक्ति कार्यालय को उपलब्ध कराई गई थी, उक्त रिक्ति के आलोक में अवर प्रादेशिक नियोजनालय दुमका में लगभग 135 आवेदक / आवेदिकाओं ने अपनी उपस्थित दर्ज करायी जिसमें अतिम रूप से कुल- 21 आवेदकों को चयनित एवं 43 आवेदकों को शोर्टलिस्टेड किया गया।

कैम्प में नियोजन पदाधिकारी प्रीति कुमारी, वायपी मनीष कुमार एवं सह कर्मी शिवनन्दन प्रसाद, अरूण कुमार सिन्हा, जय प्रकाश सिन्हा, सुरज कुमार, अरूण कुमार मंडल, अशोक कुमार, पंकज कुमार मंडल, विशाल कुमार, एवं कार्यालय के सभी कर्मियों का भी सराहनीय योगदान रहा।

## पोषण भी पढ़ाई भी के तहत वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित

**मारगोमुंडा।** प्रखंड के बाघमारा आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को पोषण भी पढ़ाई भी के तहत वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के बीच वेशभूषा एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं कार्यक्रम में ईसीसीई गतिविधियों पर अभिभावकों के साथ चर्चा भी की गई। कार्यक्रम में ड्राइंग प्रतियोगिता में रणवीर हांसदा प्रथम, अनुष्का टुडू द्वितीय व सेवंती हांसदा तृतीय स्थान पर रही, जबकि वेशभूषा प्रतियोगिता में ब्युटी मुर्मू प्रथम, रणवीर हांसदा, द्वितीय लावण्या टुडू तृतीया शालिनी किस्कु चतुर्थ व मोनिका टुडू पांचवा स्थान पर रही।सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।मौके पर सेविका का जीवन लता सोरेन, सुशीला टुडू, खेमोती मुर्मू, सीता टुडू, सहायिका माया दास, कलोशी बास्की आदि मौजूद थे।

## मंत्री हफिजुल हसन ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों मिलकर घटना की जानकारी ली, जताया शोक संवेदना



**मधुपुर।** प्रखण्ड अंतर्गत जमुनी पँचायत के बिल्ली गांव निवासी मटरू पूजहार का विगत कुछ दिन पूर्व अज्ञात वाहन के चपेट में आने से निधन हो जाने पर सूबे के मंत्री सह स्थानीय विधायक हफीजुल हसन ने उनके आवास पहुंचकर परिवार वालों से मिलकर घटना की जानकारी लिया।वही उन्होंने।ईश्वर दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे।इस मौके पर पूर्व नप अध्यक्ष ×फैयाज़ केशर समेत झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जोनल चेयरपर्सन पीएमजेएफ लायन डॉ सिन्हा का किया गया भव्य स्वागत

दुमका।



जोन चेयरपर्सन जोन-ए, रीजन फाइव, जिला 322- ए के पीएमजेएफ लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा का लायंस क्लब दुमका संप के सदस्यों ने द सिटी गार्डन में दिन शुक्रवार की देर शाम बैठक कर उनका जोरदार स्वागत किया। मालूम हो, जोन ए में पांच क्लब लायंस क्लब दुमका संप, लायंस क्लब मधुपुर, लायंस क्लब देवघर (बैद्यनाथ धाम), लायंस क्लब देवघर समर्पण, लायंस क्लब बासुकीनाथ धाम शामिल है। उन्होंने सभी क्लबो के सदस्यों के साथ बैठक की और संबोधित करते हुए जोन चेयरपर्सन पीएमजेएफ लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि दुमका लायंस क्लब बहुत ही पुराना क्लब है, पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद भी क्लब द्वारा अब तक किए गए समाज सेवा से जुड़े सभी कार्य बेहद सराहनीय है, गुणवत्तापूर्ण है और पूरे डिस्ट्रिक्ट 322- ए में लायंस क्लब दुमका संप अब तक अब्बल रहा है। इसी तरह सभी क्लब के सदस्यों को आपसी तालमेल बैठाकर सेवाभाव से जुड़े रहने एवं सेवा कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि समाज सेवा में रुचि रखने वाले लोगों को क्लब से जोड़ने एवं नए सदस्य बनाने पर जोर डाला। क्लब द्वारा वीर बाल दिवस के भव्य आयोजन और बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन को सराहा जोन चेयरपर्सन श्री सिन्हा ने सदस्यों को अवार्ड एवं लेपल पिन देकर सम्मानित किया।

डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन डॉ लायन मनोज कुमार घोष ने संबोधित करते हुए कहा क्लब द्वारा किए गए स्वास्थ्य सेवा एवं अन्य सेवा से संबंधित किए गए कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्होंने इंटरनेशनल एवं डिस्ट्रिक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ अमिता रक्षित ने किया और कहा क्लब द्वारा जो जन एवं समाज हित में जरूरतमंद लोगों के बीच सेवा कर जो सुख की अनुभूति होती है वह और किसी काम में नहीं।

क्लब द्वारा स्थाई प्रोजेक्ट के रूप में गरीब एवं असहाय लोगों को निशुल्क ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निशुल्क स्वास्थ शिविर नियमित रूप से लगाया जा रहा है एवं ठंड को देखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में क्लब द्वारा कंबल वितरण किया जा रहा है। क्लब के सचिव लायन चन्दन कुमार साह ने क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

मंच संचालन क्लब के जन-संपर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन सचिव चंदन कुमार साह ने किया। बैठक में क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ अमिता रक्षित, लायन रमण कुमार वर्मा, लायन डॉ मनोज कुमार घोष, लायन प्रदीप्तो मुखर्जी, लायन राजेश कुमार चौरसिया, लायन अमित कुमार, लायन सुनील कुमार साहा, लायन चंदन कुमार साह, लायन सतीश कुमार के अलावे विभिन्न क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## पटेल सेवा संघ व भागवत राउत विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

दुमका।

दुमका के पूर्व वाणिज्य कर एवं कोषागार पदाधिकारी तथा झारखण्ड सरकार के वित्त सलाहकार संजय कुमार राव की 25 दिसंबर की मध्यरात्री हृदय गति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। पटेल सेवा संघ, भागवत राउत विचार मंच व शहरवासियों के संयुक्त तत्वाधान में सरदार पटेल चौक पर एक शोक सभा का आयोजन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। ईश्वर से उनके आत्मा की चिर शांति के लिए तथा उनके परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान हो इसके लिए लिए प्रार्थना की गई।

वक्ताओं ने कहा कि राव साहब एक पदाधिकारी होकर भी पटेल सेवा संघ दुमका के लिए तथा सामाजिक कार्य के लिए अपना अविस्मरणीय योगदान दिया करते थे। पटेल जी प्रतिमा की स्थापना के लिए पटेल सेवा संघ के तत्कालीन अध्यक्ष स्व0 भागवत राउत और संदीप कुमार जय बमबम को प्रेरित किया

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पटेल सेवा संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार राउत, सचिव संदीप कुमार जय बमबम, उपाध्यक्ष राजेश कुमार राउत, सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, झारखंड कला संस्कृति के अध्यक्ष शिशीर कुमार घोष, मधुर कुमार सिंह, रामाकांत साह, प्रेम केशरी, लक्ष्मी नारायण साह, अशोक सिंह, विष्णु देव महतो, नीलकंठ झा, सूर्यकांत शुक्ला, महेंद्र प्रसाद, संजय कुमार, मोहम्मद मंजूर आलम, दिलीप कुमार मिर्धा, विजय कुमार निराला, विक्रम कुमार, सुरेंद्र कुमार मंडल, सुनील कुमार यादव उपस्थित होकर उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## झिलवा का युवक सीए बनकर जिले का किया नाम रौशन।

**संवाददाता/जामताड़ा/** कीचड़ में ही कमल खिलता है । ठीक ऐसा वाकया सामने आया है। जी हां आपको बता दे की जामताड़ा जिले को साइबर अपराध में बदनाम के नाम से जाना जाता है। परंतु जिले में ऐसे होन हार छात्र होनहार लोगों के कारण आज भी जामताड़ा जिले को लोग बड़े ही गर्व के साथ नाम लेते हैं। जामताड़ा साइबर का गढ़ कहे जाने वाला झीलवा जहां से एक होनहार लड़का सीऐ में चयनित हो गया है। बताते चले की यह युवक नारायणपुर थाना क्षेत्र के झिलवा गांव का रहने वाला है। जिसका नाम अभिषेक मंडल है। माता-पिता दोनों पैसे से पारा शिक्षक हैं । अभिषेक मंडल अपनी पढ़ाई जामताड़ा के डीऐवी विद्यालय से पूरी की है जहां उन्होंने इंटरमीडिएट तक पढ़ाई किया है । जिसके बाद उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई कोलकाता की एक यूनिवर्सिटी से की है। पिता मंटू मंडल माता राखी देवी को अपने इस सफलता का श्रेय दिया है।



## विस चुनाव के दौरान झामुमो के कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने वाले 1 आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता।



**संवाददाता/कर्माटांड़ (जामताड़ा)।** कर्माटांड़ प्रखंड ग्राम डुमरिया निवासी बेबी देवी द्वारा अपने पति बालों मंडल एवं ग्राम डुमरिया थाना कर्माटांड़ ने 19/11/ 2024 को करमाटांड़ थाना में आवेदन दिया गया था जबकि बेबी देवी का पति बालों मंडल एवं बालों मंडल का दोस्त रंजीत मंडल अपने बोलोरो गाड़ी से सारठ विधानसभा जेएमएम प्रत्याशी उदय शंकर सिंह कार्यकर्ता होने के नाते मोहनपुर से बूथ लिस्ट वितरण कर करमाटांड़ आ रहे थे, इसी बीच बीती रात 9 से 10 बजे कजरा मोड के पास कुछ लोगों ने लाठी, डंडा, से जान मारने के नियत से हमला कर दिया था ,ऐसे लोगों द्वारा जानकारी मिल ,उसी को लेकर आवेदन करमाटांड़ थाना में दिया गया था जिसका केस नंबर 138/ 2024 है ,और सभी का नाम व्यक्ति नामजद है, कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो रही थी, जिसे लेक- र 5 दिन पूर्व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर आरोपी को जल गिरफ्तार करने की मांग किया था ,साथी ही कहा था ,कि 5 दिनों के अंदर आरोपी का गिरफ्तारी नहीं होती है तो मसाल जुलूस निकाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा ,इसी मामले को लेकर थाना प्रभारी अभय कुमार के द्वारा बीती रात को गबडा गांव के पास से आरोपी चंदन राय को गिरफ्तार कर थाना लाया गया और उसे जामताड़ा जेल भेज दिया गया है वही थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताते हुए कहा कि और भी जितने लोग है ,उन्हें जल्द से जल्द ही पकड़ा जाएगा। इसके बाद थाना परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर क्षेत्र के समाजसेवी और थाना प्रभारी सहित पुलिस बल द्वारा दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया मौके पर राम रतन मंडल, शिवनारायण (बैजन )मंडल ,शोले अंसारी, शकूर अंसारी, रामदेव मंडल, अजित मंडल, हरेराम यादव, सुनील सोरेन, गोल्डेन अंसारी, इम्तियाज अंसारी, इमरान अंसारी ,नीलांबर मंडल, प्रभु मंडल, सुभाष साव, टिंकू रेखान, आदि कार्यकर्ता एवं पुलिस बल्ब मौजूद थे।

## साईबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 114000 नगद राशि के साथ 4 साईबर आरोपी गिरफ्तार।

- जामताड़ा में पुलिस की छापामारी, लाखों की ठगी का खुलासा

जामताड़ा पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर करमाटांड थाना क्षेत्र में साईबर अपराधियों के खिलाफ छापामारी की गई। इस दौरान 4 आरोपियों को 20 फर्जी मोबाइल, 29 सिम कार्ड, तीन एटीएम कार्ड एक पैन कार्ड और दो आधार कार्ड के साथ बड़ी मात्रा में 1, लाख 14, 000 नगद राशि के साथ गिरफ्तार किया गया है। एसपी ऐहताशाम वकारीब ने जामताड़ा साइबर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1. निरजन मंडल (21 वर्ष), ग्राम जागाडीह, थाना कराँ, जिला देवधर, 2. मुकेश मंडल (23 वर्ष), ग्राम चामलीटी, थाना अहिल्यापुर, जिला गिरिडिह, 3. मुकेश मंडल (22 वर्ष), ग्राम मोहली-झिलुवा, थाना नारायणपुर, जिला जामताड़ा, 4. आनंद देव मंडल (24 वर्ष), ग्राम मट्टाँड, थाना करमाटांड़, जिला जामताड़ा का निवासी है। वही गिरफ्तार अपराधियों में मुकेश मंडल का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है जो पहले भी जेल जा चुके हैं। उक्त सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है आरोपी लोगों को बिजली बिल जमा न करने और स्क्रिन रॉयरिंग एप्स के जरिए ठगी करते थे। AXIS BANK खाताधारकों से APK फाइल इंस्टॉल करवा कर ठगी की जाती थी। इन अपराधियों का मुख्य कार्यक्षेत्र पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और बिहार था।

## जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन....

देवघर।






जिला संयुक्त कृषि भवन चांदपुर के आत्मा सभागार में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि नवीन कुमार, उप विकास आयुक्त देवघर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कृषि विभाग के सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि किसानों को समय पर बीज मिले एवं तकनीकी खेती हेतु सही परामर्श सही समय पर किसानों को मिलना चाहिए। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी देवघर श्री यशराज ने कृषि विभाग, आत्मा, उद्यान विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक बताया। कृषि विभाग द्वारा संचालित बीज विनिमय का योजना, अनुदान पर बीज वितरण, बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत 100% अनुदान पर बीज एवं उपादान का वितरण, प्रति बूंद अधिक फसल की योजना, ड्रिप इरीगेशन की योजना, मिट्टी जांच, केसीसी, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, किसान समृद्धि योजना इत्यादि के बारे में बताया। वही आत्मा के द्वारा संचालित एनएफएसएम के द्वारा अनुदान पर वितरण किए जाने वाले कृषि यंत्र पंपसेट, रोटावेटर, स्प्रे मशीन, पैडी थ्रेसर इत्यादि कृषि यंत्र वितरण किया जा रहा है। आत्मा के तहत प्रशिक्षण, किसान गोष्टी, किसान पाठशाला, किसान वैज्ञानिक अंतर मिलन, प्रत्यक्षण इत्यादि का कार्य किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र सुजानी देवघर के वरीय वैज्ञानिक डॉक्टर राजन ओझा ने किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य के बारे में बताया कि कैसे खेत की उर्वरा शक्ति को बनाए रखते हुए खेत से सही उचित उपज प्राप्त कर सकते हैं। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने पशुपालन विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को बताया। कार्यक्रम में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रगतिशील किसान, सभी प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, जनसेवक, बीटीएम, एटीएम और किसान उपस्थित थे। मंच का संचालन अरविंद कुमार राय उप परियोजना निदेशक आत्मा देवघर के द्वारा किया गया।

## कर्मचारियों की हड़ताल के बाद भी छात्रहित में विश्व विद्यालय प्रशासन अपने स्तर से कार्यों को दे रहा अंजाम-परीक्षा नियंत्रक

दुमका।

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में पिछले एक माह से हड़ताल और तालाबंदी चल रही है। विश्वविद्यालय के द्वारा कुलपति आवास में अपना अस्थायी कार्यालय बना लिया गया है, और छात्र हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार शाह ने बताया कि एक तरफ जहां दुमका के संत जेवियर्स कॉलेज में यूजी सेमेस्टर-6 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ झारखंड सीजीएल, बिहार शिक्षक एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के मूल प्रमाण पत्र भी निर्गत किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अब तक उक्त प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण कुल 58 छात्र-छात्राओं को मूल प्रमाण पत्र निर्गत किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी छात्र-छात्रा जिसने कोई भी प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण की हो, वह कुलपति के आवासीय कार्यालय में आकर अपना मूल प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है। एक ओर जहां विश्वविद्यालय में हड़ताल और तालाबंदी है, वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन अपने स्तर से छात्रहित के कार्यों में लगा हुआ है और विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी कुलपति आवास में तैनात नजर आ रहे हैं। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने एक बार फिर आंदोलनरत शिक्षकेतर कर्मचारियों से छात्र हित में हड़ताल और तालाबंदी समाप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तालाबंदी के कारण छात्रों को परेशानी हो रही है और छात्र हित के कार्य बाधित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीजी सेमेस्टर-2 और यूजी सेमेस्टर-6 का मूल्यांकन कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जिसका रिजल्ट तालाबंदी के कारण प्रकाशित नहीं हो सका है।

उन्होंने यह भी कहा कि यूजी सेमेस्टर-6 का रिजल्ट प्रकाशित नहीं होने के कारण पीजी एडमिशन में भी देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि यूजी सेमेस्टर-3, यूजी सेमेस्टर-1 सहित अन्य बैकलॉग स्पेशल परीक्षा लेने की विश्वविद्यालय ने तैयारी कर ली थी जिसका आयोजन तालाबन्दी के कारण नही हो सका। ज्ञात हो कि सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण को लेकर विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारी पिछले एक माह से आंदोलनरत हैं तथा वेतन निर्धारण का मामला उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार के स्तर पर लंबित है।

कुलपति प्रो सिंह ने एक बार फिर कहा कि कर्मचारियों की मांगें बिल्कुल जायज हैं तथा विश्वविद्यालय प्रशासन इस संबंध में निदेशालय से लगातार संपर्क में है तथा इस संबंध में कई बार निदेशालय को पत्राचार भी किया गया है। उन्होंने कहा 28 दिसंबर को एक बार फिर कर्मचारियों की मांगों को पत्र के माध्यम से निदेशालय को भेजा गया है तथा कम से कम पांच कॉलेजों के कर्मचारियों के वेतन निर्धारण का अनुरोध किया गया है।

## न्यूज़ अपडेट

### नाले का पानी निकास को लेकर दो पक्षो में विवाद सडक जाम

- अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों को बहुत समझ-बुझार्क कड़ी मस्कद के बाद हटाया जाम

**पाकुड़।** जिला के महेशपुर- प्रखंड के ग्वालपाड़ा गा०में नाले का पानी निकास को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया और महेशपुर से शहरग्राम जाने वाली सडक को जाम कर दिया गया इस घटना को सूचना स्थनीय पुलिस प्रशाशन और अंचलाधिकारी सूचना मिलते ही को मिलते मोके पर घटना स्थल पर पहुंची और मामले का छानबीन कर पहले सडक जाम को हटाया गया उसके बाद ग्रामिणो ने अंचलाधिकारी को अपना समस्या को दिखाया की सरकारी पोखरा अतिक्रमण कर लेने से नाले का गन्दा पानी सालो भर रोड में जमा रहता है इस से लोगों को आने -जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है और गन्दा पानी से बहुत सारी कीड़े मकुड़े उत्पन होते है इस से बहुत बड़ी बड़ी बीमारिया उत्पन होती है इन सब बातो को अंचलाधिकारी ने देख और सुन कर ग्रामीणों को अश्वासन दिया की मामले की जाँच की जा रही है अतिक्रमण को मुक्त किया जायेगा और नव नाले। का निर्माण किया जायेगा

### राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता हेतु गिरिडीह की जूडो टीम रांची रवाना

**गिरिडीह।** झारखंड जूडो संघ के तत्वाधान में तीन दिवसीय जूडो चैंपियनशिप का आयोजन रांची के नामकुम स्थित जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में किया जा रहा है।इस जूडो प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से 600 जूडो खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसकी जानकारी गिरिडीह जिला जूडो संघ के महासचिव सांसद उज्जवल सिंह ने दिया। इस प्रतियोगिता में गिरिडीह के किरण पब्लिक स्कूल, सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल, डीपीएस गॉर्थांबा सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल,सूर्य और गिरिडीह जूडो क्लब के 30 जूडो खिलाड़ी रांची के लिए 28 दिसंबर को न्यू गिरिडीह से रवाना हुए। इस प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागी को गिरिडीह जिला जूडो संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह उपाध्यक्ष डॉ विजय सिंह ऋषि सलूजा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने यह बताया कि इस प्रतियोगिता में शामिल सभी जूडो खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करने वाले हैं।

### तासरा प्रोजेक्ट के एमडीओ के सीएसआर योजना के तहत 44 प्रशिक्षुओं को मिला प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

**सिंदरी (धनबाद)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के कोलियरी डिवीजन, तासरा प्रोजेक्ट के एमडीओ (टीएमपीएल) के सहयोग से सीएसआर योजना के तहत 44 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए गए हैं।इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए चेक और पुरस्कार भी दिए गए। साथ ही, 50 नए प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण किट भी दिया गया।सेल के कार्यपालक निदेशक, संजीव कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, स्वरोजगार, स्वावलंबन और सामाजिक विकास की दिशा में एक अच्छा प्रयास है।

### आरोही नाट्य मंच करेगा 15 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का आयोजनः उर्मिला

**धनबाद।** आरोही नाट्य मंच आगामी 30 दिसंबर से 15 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का आयोजन करेगा। संस्था की महासचिव सह टीम लिडर उर्मिला प्रसाद ने बताया कि सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के सौजन्य से आगामी 30 दिसंबर को संस्था के पुटकी श्रीनगर स्थित कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से वर्कशॉप का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्कशॉप में इच्छुक अभ्यर्थी के लिए प्रवेश निःशुल्क है। वर्कशॉप में अभिनय तकनीक, लाइट एवं सेट डिजाइन, आत्मविश्वास निर्माण, कौशल में सुधार लाना, वॉइस एंड बॉडी ट्रेनिंग, मंच पर प्रस्तुति, व्यावसायिक विकास के साथ-साथ अन्य एक्टिविटी पर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कला के क्षेत्र में अपना करियर बनाने वालों के लिए यह वर्कशॉप एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।


### लोकहित अधिकार पार्टी के महासचिव बने अशोक साव

**धनबाद।** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने झारखंड प्रदेश कार्यसमिति के गठन अन्तर्गत अशोक साव को लोकहित अधिकार पार्टी का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया।इस पर अशोक साव ने कहा है कि प्रदेश के द्वारा दी गई सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करूँगा तथा पार्टी को भी मजबूत करने में हर संभव प्रयास करुंगा इसके लिए प्रदेश तथा राष्ट्रीय कमेटी को धन्यवाद।इस संदर्भ में अशोक साव को बधाई देने का



सिलसिला जारी है बधाई देने में भागवत साह गिरीडीह, जोधन नायक बोकारो, कुलदीप साव एमओसीपी चंडी, विश्वनाथ महतो, शंकर साव आदि ने बधाई दिया।

### नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट के पहला कदम स्कूल की अनूठी पहल



**धनबाद।** जगजीवन नगर स्थित नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पहला कदम स्कूल के विशेष बच्चों ने शनिवार को इस्कॉन मंदिर का दौरा किया। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करना था।इस दौरान बच्चों ने मंदिर की भव्यता का आनंद लिया और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। इस्कॉन मंदिर के पुजारियों और कार्यकर्ताओं ने बच्चों का स्वागत किया और भगवान श्रीकृष्ण की महिमा से परिचित कराया। बच्चों को भक्ति गीत और आरती में भी शामिल होने का अवसर मिला, जिससे उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पहला कदम स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को समाज के साथ जुड़ने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद मिलती है। बच्चों के साथ उनके शिक्षक और ट्रस्ट के सदस्य भी मौजूद थे, जिन्होंने इस अनुभव को स्मरणीय बनाने में योगदान दिया।मंदिर विजिट के बाद बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया । पहला कदम स्कूल ने इस पहल को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया है ताकि विशेष बच्चों को समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिल सके। नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की यह पहल सराहनीय है और समाज के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# विष्णुगढ़ में फिर हुई चोरी, तीन अलग अलग घटनाओं को चोरों ने दिया अंजाम

## विष्णुगढ़ पुलिस के ऊपर लगातार खड़े हो रहे प्रश्न, क्यों नहीं लग रहा लगाम

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**



विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लगाम लगता नजर नहीं आ रहा, चोर बेलगाम और बे×खौ×फ हो चुक हैं। इन घटनाओं से विष्णुगढ़ के लोग सकते में हैं, बना रहता है चोरी का डर। इससे विष्णुगढ़ पुलिस पर प्रश्न चिन्ह लगाया दिखाई दे रहा है, बीते कुछ महीनों में चोरी की घटनाओं का आंकलन किया जाए तो कई सवाल खड़े हो सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल की अब तक लगाम क्यों नहीं। इसी क्रम में जुड़ती हुई तीन अलग-अलग घटनाओं में एक घटना का जिक्र है कि विष्णुगढ़ हॉस्पिटल चौक स्थित एटीएम मशीन में रुपये निकासी की जगह में सफेद रंग हार्ड फेवीक्विक से चिपकाया गया था। घटना का जिक्र करते हुए प्रदीप कुमार महतो ने बताया कि उनके एक दोस्त ने शुक्रवार 27 दिसम्बर 2024 को डेबिट कार्ड द्वारा एटीएम से 10 हजार रुपये की निकासी की। पैसे की काउंटिंग हुई पर चिपकाए गए हार्ड बोर्ड की वजह से पैसे वहीं रह गए। जिसकी सूचना मुझे मेरे दोस्त ने दी, मैंने अपने दोस्त रोहित लाल मरांडी को वहीं रुकने को कहा। मेरे पहुँचने के बाद बैंक के अधिकारियों से सम्पर्क साधा और उनके दिए गए निर्देश को वीडियो कालिंग द्वारा उस कार्ड बोर्ड को हटाने के बाद पैसे मिले। चोरों की इतनी हिमाकत की उन लोगो ने बकायदा एटीएम के भीतर हेल्पलाइन नंबर चस्पा कर रखा था। हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल करने पर उनलोगों के द्वारा पैसे वापस आने की बात कह कर ग्राहक को लौटा दिया जाता था, बाद में फंसे पैसे को निकाल कर चल देते थे। दूसरी घटना में सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि मैं कार्यवश अपने घर मे तालेबंदी कर हज़ारीबाग गया था। इस बीच 26 दिसम्बर 2024 को मेरे बनासो स्थित आवास पर चोरों ने ताला तोड़कर घर मे घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर मे रखी अलमीरा को तोड़कर उसमें रखे 03 सोने के सिक्के, 25 चाँदी के सिक्के, सोने-चाँदी के बने आभूषण तथा नकद एक लाख अस्सी हजार की चोरी कर ली गई। जिसकी लिखित शिकायत थाने में दी गई है। तीसरी घटना शनिवार दोपहर की है प्रखंड के हॉस्पिटल चौक से काले रंग की स्प्लेंडर प्रो गाड़ी पंजीकरण संख्या जेएच 02 एडी 4307 मोटरसाइकिल की चोरी हो गई है। उक्त मोटरसाइकिल हूरलुंग निवासी नारायण कुमार महतो की है। जिसको लेकर विष्णुगढ़ थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी ने कहा कि चोर किसी भी कीमत पर बक्शे नही जायेंगे। चोरी की घटनाओं को लेकर विष्णुगढ़ पुलिस संजीदा है, और जाँच जारी है। गस्ती दल को चौकस रहने के साथ आम-जन से अपील है अगर कुछ संदिग्ध लगे तो तुरंत इसकी सूचना विष्णुगढ़ थाने को दें।

## नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पिछड़े वर्ग की जातियों के अध्ययन को लेकर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**श्रमबिंदु/रामगढ़।**



पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिला अंतर्गत निर्वाचन के दौरान नगर परिषद क्षेत्र में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण व पिछड़े वर्ग की जातियों के अध्ययन हेतु सर्वे किया जाना है।इसी क्रम में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में नगर परिषद रामगढ़ अंतर्गत सभी 32 वार्डों के बीएलओ को किए जाने वाले सर्व को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मनीष कुमार के द्वारा सभी बीएलओ को प्रशिक्षण के दौरान नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पिछड़े वर्ग की जातियों के अध्ययन हेतु भरे जाने वाले प्रपत्र 1 यथा मतदाता का नाम,पिता/पति का नाम, उम्र,लिंग,अनुसूचितजनजाति,अनुसूचित जाति, सामान्य,बीसी 1 एवं बीसी 2 के तहत किए जाने वाले सर्वे को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ को ससमय सर्वे का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## ट्रांसरेल ट्रांसमिशन कम्पनी द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन



**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**

विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत भवन समीप शुक्रवार को ट्रांसरेल ट्रांसमिशन कम्पनी द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नवभारत जागृति केंद्र लोकनायक जयप्रकाश आंख अस्पताल बेहरा चौपारण की टीम शामिल थी। शिविर में निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण किया गया। नेत्र जांच शिविर में अनुभवी डाक्टर द्वारा मशीन से सभी रोगियों का नेत्र जांच कर दवा चश्मा देकर इलाज किया गया। जिसमे 30 नेत्र मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाना है, वही 110 मरीजों को निशुल्क दवा दिया गया साथ ही चश्मा दिया जाएगा। इसके अलावा जांच शिविर में 24 विकलांगो का भी इलाज किया गया। इस जांच शिविर में कुल 250 नेत्र मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। जांच शिविर में प्रदीप सिंह, शैली कुमारी, पूजा गुप्ता, रेखा कुमारी, सरिता कुमारी, बीरेंद्र दांगी आदि शामिल थे।

# मुखिया एवं वीएलई का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

## पंचायतों को मिली आईडी/पासवर्ड का उपयोग पंचायत भवन से हो

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**



विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार मे चल रहे तीन दिवसीय मुखिया और वीएलई प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत के अधिकारों को बताया गया। पंचायत में शिप्ट वीएलई को मिली जिम्मेवारियों से अवगत कराया गया।पंचायत के सभी कार्य पंचायत भवन से हो इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।जिसके तहत मनरेगा योजना समेत ,15 वीं वित्त का कार्य भी पंचायत भवन से होंगे।मौके पर मुखिया रामचंद्र यादव,निर्मल कुमार,उत्तम महतो, लक्ष्मी देवी, हेमंती देवी, कुंती देवी, राजेंद्र मंडल, वीएलई राहुल कुमार गुप्ता, पिंटू कुमार, महताब हुसैन, खेमलाल शर्मा, गणपति महतो, अरविंद कुमार महतो, घनश्याम महतो, महताब आलम, विनय कुमार मंडल,देवेंद्र कुमार, सुजीत श्रीवास्तव, छोटी यादव, नवीन कुमार, डेगलाल महतो, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, हसीना फारूक, विकाश कुमार दास, जिला से आए प्रशिक्षक समेत शक्ति कुमार दास एवं सुनील सिंह उपस्थित थे।

### सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत ग्राम सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**साहेबगंज ।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार पंचायती राज विभाग द्वारा सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत ग्राम सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। साहिबगंज प्रखंड के साहेबगंज प्रखंड सभागार एवं मंडरो प्रखंड में सबकी योजना सबका विकास अभियानश् अंतर्गत ग्राम सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।सबकी योजना सबका विकास' एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य ग्रामीण में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करना और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।इस अभियान के तहत, ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपनी पंचायत विकास योजना (पीडीपी) तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस अभियान में, ग्राम सभाओं में 29 विषयों से जुड़े सभी विभागों के कर्मी अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हैं।इस अभियान में, पंचायती राज मंत्रालय के पदाधिकारी और सलाहकारों को विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में तैनात किया जाता है। इस अभियान में, ग्राम पंचायतों के वार्षिक बजट तैयारी की जाती है।अभियान में सार्वजनिक संपत्तियों पर अतिक्रमण को हटाने पर ध्यान दिया जाता है। अभियान में ग्राम पंचायतों के क्षेत्रीय कार्यों में संविधान के अनुसूची कमें उल्लिखित गतिविधियों का समावेश होता है।मौके पर अंचलाधिकारी-सह- प्रखण्ड विकास प्रभारी बास्की नाथ टुडु, जिला पंचायत राज उद्धट संदीप कुमार, मास्टर ट्रेनर प्रभात कुमार सिंह, सभी पंचायत सचिव, वीआरपी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विमल हांसदा , पंचायतीराज के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कर्णपुरा महाविद्यालय ने शोक सभा मनाया गया

**संवाददाता।**



**बड़कागांव ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर कर्णपुरा महाविद्यालय में प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिवार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण रखते हुए, श्रद्धांजलि अर्पित किया महाविद्यालय के सचिव टुकेश्वर प्रसाद ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह मृदभाषी व अर्थशास्त्र विषय के विद्वान थे। इन्होंने नरसिम्हा राव की सरकार में 1991 से 96 तक वित्त मंत्री रहते हुए भारत को आर्थिक मंदी से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाये थे। प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वर्ष 1995 से लेकर 2019 तक लगातार 33 वर्षों तक राज्यसभा सांसद रहे, इसी बीच 2004 से लेकर 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री के पद पर भी रहे। इनका जन्म पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 26 सितंबर 1932 ई को हुई, देश की विभाजन के पश्चात इनका परिवार भारत चला आया। यहां इन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र विषय में स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त किए। कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त किया। डॉ मनमोहन सिंह पंजाब विश्वविद्यालय और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में प्रोफेसर के रूप में शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रहे, बाद में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर (1982-85), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के अध्यक्ष भी रहे। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरा देश एक विद्वान को खो दिया, अर्थशास्त्र विषय के प्रख्याती प्राप्त विद्वान थे ,इन्हें भारत के प्रतिष्ठित अवार्ड पद विभूषण (1987), सर्वश्रेष्ठ वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी अवार्ड (1993-94) एवं यूरो मनी अवार्ड (1993) से नवाजा गया।

मौके पर पूर्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर ज्योति जलधर, प्रो फजरुद्दीन, प्रो सुरेश महतो, प्रो एन के दांगी , प्रो अनु कुमारी ,प्रो ऋतुराज दास,प्रो पवन कुमार, प्रो ललिता कुमारी, प्रो लालदेव महतो, प्रो रामकिशोर प्रसाद दांगी एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी नेमधारी राम, अनिता कुमारी, धानेश्वर महतो, धनुनाथ प्रसाद ,कृष्णा पटेल, चंचल प्रसाद मेहता, अंजना कुमारी, मालती देवी, जयमनी देवी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध

**बोकारो थर्मल श्रमबिंदु।**

नावाडीह प्रखंड के अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार शनिवार को गोनियाटो पहुंचे। यहां के ग्रामीण जनवितरण प्रणाली के डीलर से नाराज थे और डीलर के मनमानी रवैया के खिलाफ आंदोलन करने की रणनीति बना रहे थे। जांच के दौरान नावाडीह सीओ अभिषेक कुमार ने जनवितरण प्रणाली के लाभुकों सहित गोनियाटो पंचायत समिति सदस्य पुष्पा हंसदा से समस्याओं की जानकारी लिया।जिसमें ग्रामीणों ने सीओ के समक्ष अपनी समस्याओं को रखते हुए कहा कि परसाबेड़ा



गांव के जनवितरण प्रणाली के डीलर लाभुकों के साथ बदसलूकी व गलत व्यवहार करते हैं। जिस कारण गोनियाटो पंचायत के ग्रामीण जनवितरण प्रणाली के दुकानदार मोहन मुर्मुर के पास खाद्यान्न नहीं लेना चाहते हैं। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद नावाडीह सीओ अभिषेक कुमार ने विरोध करने वाले गोनियाटो पंचायत के सभी लाभुकों को अपना अपना खाद्यान्न गोनियाटो पंचायत के ही दूसरा डीलर संतोष विश्वकर्मा के यहां खाद्यान्न का उठाव करने का निर्देश दिया। नावाडीह सीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जनवितरण प्रणाली के दुकानदार मोहन मुरमुर के पास 305 लाभुक है जिसमें से 85 लाभुकों ने खाद्यान्न का उठाव कर लिया है।बाकी बचे 220 लाभुकों का खाद्यान्न चावल गेहूं आदि गोनियाटो के ही दूसरा डीलर संतोष विश्वकर्मा को देने का निर्देश डीलर मोहन मुरमुर को दिया गया है। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल समाधान करते हुए विरोध करने वाले सभी लाभुकों के नामों का भी ट्रांसफर लाभुकों के मनपसंद डीलर के पास करने की बात सीओ ने कही। साथ ही जनवितरण प्रणाली के सभी दुकानदारों को लाभुकों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने का सख्त निर्देश दिया। कहे कि सरकार की इस लाभकारी योजना का लाभ हर गरीब तक पहुंचना हमारा दायित्व है लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी बात कही।

## होटल में मारपीट तोड़फोड़ मामले में दो पक्षों ने दर्ज कराया मामला

**बोकारो ।**

नयामोड स्थित वेस्टन फार्म होटल में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा शुक्रवार की रात हुई मारपीट तोड़फोड़ मामले में सिटी थाना में दोनो पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया गया है ।एक पक्ष से सिवनडीह निवासी शाहनवाज अंसारी ने होटल के तीन लोगो को नामजद और 15 अन्य को आरोपी बनाया है ।वहीं दूसरे पक्ष से होटल कर्मी आलोक वर्मा ने



आवेदन दिया है ।सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी आलोक रंजन मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल में लग गए ।वहीं शनिवार को भी उपायुक्त के निर्देश पर चास एसडीएम प्रांजल ढांडा व सिटी डीएसपी आलोक रंजन उक्त होटल पहुंचकर होटल संचालक व कर्मियों से जानकारी ली ।सिटी डीएसपी आलोक रंजन का कहना है की एफआईआर दर्ज कर लिया गया है ,दोषियों को चिन्हित किया जा रहा है ।दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

इधर उपायुक्त विजया जाधव ने जिला वासियों से भयमुक्त माहौल में नए वर्ष मानने की अपील की है ,उन्होंने कहा की सभी होटल में पुलिस बल की तैनाती को लेकर निर्देश दिया गया है ,साथ ही होटलों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश होटल संचालको को दिया गया है ।

## विधायक के दोहरा चरित्र पर, पूर्व विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने गोपीनाथपुर कोलियरी में बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले किया प्रेसवार्ता

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

ईसीएल के मुगमा क्षेत्र अंतर्गत गोपीनाथपुर कोलियरी में विगत 10 दिनों से चला आ रहा दो पक्षों का धरना प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा । एक तरफ जहां भाजपा के बैनर तले बेरोजगार संघर्ष मोर्चा धरना पर बैठे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ इंडि गठबंधन के बैनर तले निरसा बेरोजगार संघर्ष समिति धरना दे रही है ,

हालांकि विगत एक दिन पूर्व दोनों ही पक्षों का प्रबंधन के साथ अलग-अलग वार्ता भी हुआ है पर कोई नतीजा नहीं निकला है इस कड़ी में आज बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले पूर्व



विधायक अपर्णा सेनगुप्ता द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया ,

जिसमें तमाम भाजपा के पदाधिकारी भी उपस्थित हुए। प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने वर्तमान विधायक अरूप चटर्जी पर कई आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में जो भी लोग इस जीसीपीएल कंपनी में कार्य कर रहे हैं वह विधायक अरूप चटर्जी के अनुशंसा से ही कार्य कर रहे हैं फिर यह विरोध कैसा मुख्य रूप से उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात कर रहे हैं। वहीं उन्होंने इस जिले से बाहर गिरिडीह जिले की एक व्यक्ति की अनुशंसा कर इस जी सीपीएल कंपनी में नौकरी दिलाने का काम किया है । जिससे उनका असली चेहरा सभी के सामने आ गया है । भाजपा लगातार उनके दोहरे चरित्र का हमेशा पर्दाफाश करते रहेगी। जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक हमारा धरना यथावत जारी रहेगा।

## लगातार ग्यारवे दिन चेकपोस्ट पर जंमस ( बच्चा गुट )का धरना जारी

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

जनता मजदूर संघ( बच्चा गुट)के अनिश्चितकालीन धरना के एग्यार्वे दिन भी जारी है , सभी कार्यकर्ता धरना स्थल पर डटे हुए है , जनता मजदूर संघ के पांच सूत्री मांग को लेकर के कुजामा ओसीपी का उत्पादन ठप है। लेकिन प्रबंधन के तरफ से कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है ,



- **मांग यह है**

1 स्थानीय लोगों के रोजगार दिया जाए ,

2 पेलोडर लोडिंग बंद कर मैन्युअल लोडिंग कराया जाए ,

3 देव प्रभा आउटसोर्सिंग में काम कर रहे मजदूरों को 12 घंटा के जगह 8 घंटा किया जाए ,

4 देवप्रभा में कार्य कर रहे मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी मिलना चाहिए ,

5 देव प्रभा आउटसोर्सिंग से प्रदूषण होने से आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही है एवं परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग करने से मोहरीबन के कई घरों के दीवारों में दरारें एवं हाल ही में बने नए रोड सभी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

मौके पर जनता मजदूर संघ के शाखा सचिव प्रीतम रवानी, रत्नेश यादव, रवीन्द्र प्रसाद , दीपक साव, मुकेश यादव, राजीव पांडे सहित सैकड़ो महिला आदि उपस्थित थे।

## भव्य कलश शोभा यात्रा राम मंदिर से निकली , सिद्धिविनायक में झूमें दादी भक्त

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

श्री श्री नारायणी परिवार झरिया, धनबाद द्वारा दो दिवसीय नवम् वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार की सुबह 9:00 बजे श्री राम मंदिर से कलश शोभा यात्रा के साथ की गई। सर्वप्रथम पुजारी पवन चौबे ने कलश की पूजा अर्चना कराई जिसमें यजमान के रूप में सुशील भवानी वाला एवं उनकी पत्नी थी। कलश यात्रा में 113 महिलाओं ने कलश उठाया । शोभा यात्रा जोड़ा फाटक रोड स्थित श्री राम मंदिर से निकालकर पुराना बाजार बैंक मोड़ होते हुए धनसार चौक स्थित कार्यक्रम स्थल सिध्दीविनायक पहुंची। उसके बाद संध्या 3:00



बजे से श्री रानी सती दादी जी को मेहंदी लगाकर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झरिया के प्रसिद्ध गायक पंकज मोदी ने दादी थारा टाबरिया थाने याद करें , झुंझुनू की सेठानी न याद करें......... आदि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। उसके बाद भोग लगाकर सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर नारायणी परिवार के सभी सदस्य व कई दादी भक्त उपस्थित थे।

## साहित्यसम्मान से धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक शाखा की सेवानिवृत्त हिन्दी शिक्षिका पूनम लता को प्रांति इंडिया सम्मनित करेंगे





**श्रमबिंदु /धनबाद** । हिंदी दिवस के अवसर पर बगौरा- सीवान (बिहार) के प्रतिष्ठित साहित्य संस्थान 'प्रांति इंडिया एण्ड कंपनी' द्वारा 10 जनवरी 2025 को वाराणसी में वार्षिकोत्स पर साहित्य साम्मान का आयोजन किया गया है। जिसके लिए पूरे देश से 111 साहित्यकारों को चुना गया है। साथ ही 51 साहित्य कारों को उनकी पुस्तक के लिए चाँदी का सिक्का प्रदान किया जाएगा।

इस सम्मान कार्यक्रम के तहत झारखण्ड धनबाद हाउसिंग कॉलोनी निवासी धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक शाखा की सेवानिवृत्त हिन्दी शिक्षिका श्रीमती पूनम लता को हिंदी साहित्य के क्षेत्र उत्कृष्ट योगदान देने के लिए 'प्रांति इंडिया साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि इनके द्वारा रचित एकल पुस्तक 'बदलते परिदृश्य में 'हिन्दी' तथा 'ऋग्शोध' कहानी इंकजोन पब्लिकेशन तथा वैदिक पब्लिकेशन के द्वारा प्रकाशित हो चुकी है। इसके पूर्व हरिद्वार में शैक्षिक समागम कार्यक्रम के तहत साहित्यिक सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। 'साहित्य सरोवर' एवं 'शब्दों की आत्मा'नियमित रूप से इनकी रचनाएँ छपती हैं। साथ ही कई पत्रिकाओं में इनकी रचनाएँ छप चुकी हैं। इसके अतिरिक्त कई साझा संकलन के लिए इन्हें सह लेखिका के रूप में सम्मानित किया जा चुका है।

## क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री राजेंद्र सिंह के पहल पर मिला नियोजन



**बोकारो** । बोकारो इस्पात संयंत्र के रिफैक्टरी इन्जीनियरिंग डिपार्टमेंट मे स्पेशल सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत ठेका मजदूर सत्येन्द्र तिवारी की मृत्यु धमन भट्ठी के निकट हाईवा के चपेट में आने से हो गई। स्व. तिवारी मेसर्स सर्वेश रिफैक्टरीज प्राइवेट लिमिटेड के सब भेन्डर मेसर्स शारदा इन्टरप्राइजेज मे कार्यरत थे। शनिवार दोपहर 11:00 बजे हुई दुर्घटना ने पूरे प्लांट को स्तब्ध कर दिया।

दुर्घटना की खबर मिलते हीं क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री सह सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह धमन भट्ठी के सैकड़ो मजदूरो के साथ घटना स्थल पर पहुँचे।बोकारो प्रबंधन हमेशा की भाँति घटना पर लीपापोती करने के मंशा से पहुँची।मगर महामंत्री श्री सिंह ने प्रबंधन के अधिकारियो को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि मृतक के आश्रित को अविलम्ब नियोजन दिया जाय तब पार्थिव शरीर उठाने की प्रकिया होगी और अगर किसी प्रकार भी मामले की लीपापोती का प्रयास हुआ तो प्रबंधन अंजाम भुगतने को तैयार रहे। मामले पर श्री सिंह के कड़े रूख को देखते हुए प्रबंधन ने शनिवार को करीब 2:00 बजे अपराह्न मृतक के आश्रित को स्थाई नियोजन पत्र दिया। मौके पर श्री सिंह के साथ शशिभूषण एवं धमन भट्ठी के विपिन कुमार सिंह, विजय कुमार, अम्बेडकर, संतोष कुमार,असलम अंसारी,हनीफ अंसारी,वासुदेव कुमार समेत सैकड़ो नियमित एवं ठेका मजदूर उपस्थित थे।

उक्त बात की जानकारी प्रेस रिलीज जारी कर क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री राजेंद्र सिंह ने दी है ।

## न्यूज़ अपडेट

### हाइवा की चपेट में आने से बीएसएल प्लांट के ठेका मजदूर की मौत

**बोकारो** । बोकारो स्टील प्लांट के शारदा इंटरप्राजेज कंपनी में सुपरवाइजर के पद में कार्यरत ठेका मजदूर सतेंद्र तिवारी की हाइवा के चपेट में आने से मौत हो गई ।घटना के संबंध में बताया जा रहा है की ब्लास्ट फर्नेस 1 एरिया में मृतक बाइक से रेलवे क्रॉसिंग के पास से गुजर रहा था ,इसी दौरान तेज गति से आ रही एक हाइवा जे एच 01 बी जी 9266 ने बाइक सवार मजदूर को बुरी तरह कुचल दिया जिससे मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई ।काम कर रहे कर्मियों ने इसकी सूचना बीएसएल प्रबंधक को दी , प्रबंधक के अधिकारी वहां पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी ।इस दौरान उनके कर्मियों सहित यूनियन नेताओं ने मुआवजा और आश्रित को नियोजन देने की मांग की ।बीएसएल प्रबंधन ने तत्काल पहल करते हुए मृतक के आश्रित को नौकरी के लिए ऑफर लेटर दिया ।



### अवैध कोयला का कारोबार खुलेआम झरिया में जारी , पुलिस प्रशासन बेबस

**धनबाद।** जिले के झरिया थाना क्षेत्र व लोदना ओपी क्षेत्र में कोयले का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, काली मंदिर बालू गद्दा के समीप कुछ व्यक्ति इस कारोबार को अंजाम दे रहे हैं, स्थानीय लोगों के अनुसार यह गतिविधि झरिया थाना की मिलीभगत से संचालित हो रही है , गौरतलब है , इससे पहले भी अवैध कारोबार के आरोप में एक व्यक्ति जेल जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी गतिविधियां रुकने का नाम नहीं ले रही है, एसएसपी के सख्त निर्देशों के बावजूद यह अवैध कारोबार क्षेत्र में बदस्तूर जारी है, जिससे पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है, अवैध कोयले के इस कारोबार से न केवल सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि यह क्षेत्रीय कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती बनता जा रहा है ।



### चोरी के खिलाफ मधुबन वाशरी के कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**श्रमबिंदु /धनबाद** । बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र में संचालित पुरानी मधुबन वाशरी परिसर मे हो रही चोरी व वाशरी की समय-समय पर उचित मेंटनेंस की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कर्मियों ने प्रदर्शन किया। शुक्रवार को वाशरी गेट के समीप प्रर्दशन कर रहे मोर्चा नेताओं ने कहा कि प्रबंधन एक साजिश के तहत मधुबन कोल वाशरी को बंद करना चाहती है। प्रबंधन के इस मंसूबे को कभी सफल नही होने देंगे। वाशरी परिसर से बाइक, साइकिल, कल पुर्जे की चोरी हो जाती है। तीनो शिफ्ट मिलाकर लगभग चार सौ के आसपास सुरक्षा कर्मी कार्यरत थे, लेकिन वर्तमान में दो सौ सुरक्षा गार्ड कार्यरत है फिर भी चोरी रोकने में नाकाम है। सीसीटीवी कैमरे की भी व्यवस्था नहीं है। प्रदर्शन के बावजूद प्रबंधन सचेत नही हुआ तो उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जगदीश साव, बीके बनर्जी, दुर्गा प्रमाणिक, मोती राय , धनंजय महतो, सीताराम कर्मकार , परमेश्वर भुइंया, बेणेश्वर मुंडा, रामवृक्ष दास, सौरभ सुमन, कामाख्या नारायण सिंह, अजय कुमार सिंह , गंगासागर राय, अजय कुमार आदि शामिल थे।



### जंमस के धरना से कुजामा ओसीपी में उत्पादन ठप, दूसरे गुट हुए आंदोलित

**श्रमबिंदु /धनबाद** । कुजामा चेकपोस्ट के समीप चल रहें आंदोलन के चलते चार दिनों से आउटसोर्सिंग बंद होने कारण आउटसोर्सिंग प्रबंधन रेस हो गया है। शनिवार को नो वर्क नो पे का नोटिस चिपका दिया है। नोटिस चिपकाने की खबर जैसे ही आउटसोर्सिंग मजदूरों को लगी। वे लोग गोलबंद हो गए। परियोजना स्थल पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। घोषणा किया की रविवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। जब तक आउटसोर्सिंग प्रबंधन नो वर्क नो पे का नोटिस वापस नहीं ले लेगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इधर जमसं बच्चा गुट के समर्थक चेकपोस्ट के समीप मैनुअल लोडिंग की मांग को लेकर 11 दिनो से धरना दे रहे हैं।वहीं जनता मजदूर संघ कुंती गुट और जनता श्रमिक संघ के समर्थकों के द्वारा धरना प्रदर्शन के घोषणा से तनाव बढ़ गया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में ललन पासवान,शिव पासवान, रविकांत पासवान आदि शामिल थे।



### 15 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का आयोजन करेगा आरोही नाट्य मंच

**श्रमबिंदु /धनबाद** । आरोही नाट्य मंच आगामी 30 दिसंबर से 15 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का आयोजन करेगा।



संस्था की महासचिव सह टीम लिडर उर्मिला प्रसाद ने बताया कि सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के सौजन्य से आगामी 30 दिसंबर को संस्था के पुटकी श्रीनगर स्थित कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से वर्कशॉप का शुभारंभ किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वर्कशॉप में इच्छुक अभ्यर्थी के लिए प्रवेश निःशुल्क है। वर्कशॉप में अभिनय तकनीक, लाइट एवं सेट डिजाइन, आत्मविश्वास निर्माण, कौशल में सुधार लाना, वॉइस एंड बॉडी ट्रेनिंग, मंच पर प्रस्तुति, व्यावसायिक विकास के साथ-साथ अन्य एक्टिविटी पर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कला के क्षेत्र में अपना करियर बनाने वालों के लिए यह वर्कशॉप एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

# पूर्व पीएम स्व. मनमोहन सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व से हम सभी को प्रेरणा लेने की दरकार है:पप्पू तिवारी

**संवाददाता।**

धनबादःको धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव पप्पू कुमार तिवारी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक प्रकट कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति के एक मजबूत स्तंभ थे,वे एक सच्चे विद्वान,कुशल प्रशासक एवं विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे,उनका जीवन सादगी,सेवा और समर्पण की अद्भुत मिसाल है उन्होंने अपनी दूरदर्शिदा,कुशल नेतृत्व से देश की आर्थिक सुधारो एवं अर्थव्यवस्था को ऐतिहासिक रूप से मजबूत करने में देश को एक नई दिशा दी थी,डॉ. मनमोहन सिंह भारत गणराज्य के 13वें प्रधानमंत्री थे। साथ ही साथ वे एक महान अर्थशास्त्री भी थे,लोकसभा चुनाव 2009 में कांग्रेस पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद



हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने जिनको 5 वर्षों का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला था। इन्हें 21 जून 1991 से 16 मई 1996 तक पीवी नरसिम्हा राव जी के प्रधानमंत्रित्व काल में वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक सुधारो में किए गए कार्यों में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा हैं।डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में पांच महत्वपूर्ण फैसले लिए गए 2005 में सूचना का अधिकार एवं मनरेगा,2009 में शिक्षा का अधिकार,2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून एवं भूमि अधिग्रहण कानून इन सभी नियमों को लागू कर उन्होंने देश में गरीब शोषित एवं वंचितों के हक एवं अधिकार को दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय व सराहनीय कार्य करने का काम किया है। देशहित में उनके द्वारा किए गए अनगिनत सफल कार्यों को भूलाया नहीं जा सकता आज हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की दरकार है।उनके निधन से पूरे देश में शोक की लहर है,उनके निधन से पूरे देश को अपूर्णीय क्षति हुई है,ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार एवं शुभचिंतकों को इस दुखद समय में दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## न्यूज अपडेट

### जो कहा, उसे रिकॉर्ड समय में किया पूरा -मुख्यमंत्री हेमंत

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना को लेकर कहा कि जो बोला, उसे रिकॉर्ड समय में पूरा किया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह जी के निधन के कारण मंईयां सम्मान का आज का कार्यक्रम टाल दिया गया है। पर मैंने जो वादा अपने राज्य की महान जनता से किया था, उसे पूरा कर रहा हूं। हर मंईयां के खाते में हर माह 2500 रुपये दिये जा रहे हैं। साल में पूरे 30,000 रुपये मिलेंगे।

### बीमार सहायक अध्यापक का इलाज करायेगा संघ

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद गोल्फ ग्राउंड में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघ के राज्य सदस्य सिद्दीकी शेख का इलाज जिले भर के पारा शिक्षक चंदा उठाकर करायेंगे। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व शेख सिद्दीकी का ब्रेन हेमरेज हुआ था। अभी वह रिम्स में इलाजरत है। पैसे के अभाव में उनका परिवार समुचित इलाज कराने में सक्षम नहीं है। संघ के राज्य सदस्य सुशील कुमार पांडे ने कहा कि बालू बेचकर बिहार में शिक्षकों को सुविधा दी जा रही है। प्रदेश सदस्य निरंजन कुमार दे, जिलाध्यक्ष अशोक चक्रवर्ती ने कहा कि सहायक अध्यापक 20 वर्षों से राज्य में सेवा दे रहे हैं। लेकिन कोई सरकारी लाभ नहीं दिया गया। मौके पर जिला सदस्य उत्पल चौबे, नीलांबर रजवार, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, नरेश महतो, संतोष महतो, हलधर कुंभकार, परितोष महतो, मोतीलाल महतो, मनोज साहनी, वीरेंद्र शर्मा, परितोष दास, नरेंद्र कुमार, सुलेखा कुमारी, सुनीता टुडू सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### चार महीने बाद भी नहीं शुरू हुआ लैब और लाइब्रेरी का काम

**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में लैब, लाइब्रेरी और फर्नीचर की खरीद के लिए चार महीने पहले टेंडर जारी किया था, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ है। लैब की कमी के कारण पीजी के छात्रों की प्रैक्टिकल कक्षाएं ठप हैं। बताया जा रहा है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद ही विधानसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी। चुनाव समाप्त होने के बाद इसे शीघ्र शुरू करने की बात कही गयी थी, लेकिन एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई प्रगति नहीं हुई है। बता दें कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय में अलग-अलग विभागों और एक सेंट्रल लाइब्रेरी के साथ-साथ फर्नीचर की खरीद के लिए कुल 77 करोड़ रुपये का फंड स्वीकृत किया है। इसमें से 42 करोड़ रुपये लैब और लाइब्रेरी के लिए तथा शेष राशि फर्नीचर की खरीद के लिए निर्धारित है। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, और अक्टूबर 2024 में भवन प्रमंडल विभाग ने प्रस्तावित कार्य का थ्री-डी प्रेजेंटेशन भी दिया था। हालांकि, दो महीने बीतने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। छात्रों और शिक्षकों में इस देरी को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। लैब और लाइब्रेरी जैसे बुनियादी ढांचे की अनुपलब्धता से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

### झारखंड के इन 10 जिलों में बारिश की चेतावनी, ठंड को लेकर आया नया अपडेट

**पलामू/रांची, एजेंसी।** झारखंड के कई जिलों में अगले 24 घंटों में मौसम का मिजाज बदला रहेगा। पलामू समेत कई जिलों में बारिश के आसार हैं। साल के आखिरी दिनों में बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इसके लिए मौसम विभाग में अलर्ट भी जारी कर दिया है। लोगों से सावधान रहने के लिए कहा गया है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद के मुताबिक 28 और 29 दिसंबर को राज्य के पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, लातेहार चतरा, कोडरमा और लोहरदगा में बारिश के आसार हैं। इसके अलावा निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो में बारिश होने की संभावना है। बारिश के बाद तापमान में दो से चार डिग्री तक गिरावट आएगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर पलामू जिले में भी देखने को मिलेगा। 28 दिसंबर के दोपहर से आसमान में बादल छाए रहेंगे। शाम से लेकर 29 दिसंबर की सुबह तक मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद तापमान में भी गिरावट आएगी। चार डिग्री तक तापमान गिर सकता है। पिछले दो दिनों से पलामू जिले का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आस पास है।

## गायों के लिए बन रहा 5 स्टार हॉस्पिटल

# यहां इमरजेंसी वार्ड से लेकर सिजेरियन डिलीवरी भी होगी

**चाकुलिया, एजेंसी।** आज के दौर में जब इंसानों के लिए अस्पतालों में बेड मिलना तथा इलाज करवाना मुश्किल होता जा रहा है, एक संस्था ऐसी है जो गायों की शल्य चिकित्सा के लिए ऑपरेशन थिएटर बना रही है। यहां न केवल बीमार गोवंश का इलाज किया जाएगा बल्कि इंसानों की तरह गायों की सिजेरियन डिलीवरी भी कराई जाएगी।

पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया में ध्यान फाउंडेशन संस्था द्वारा संचालित गौशाला गोलोक धाम में एक करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से अस्पताल तैयार किया जा रहा है।

इस गौशाला में गोवंश के इलाज के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से धनवंतरी चिकित्सालय बनाया जा रहा है। इसका बुनियादी ढांचा तैयार कर लिया गया है। अगले दो महीने में निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

धन्वंतरी गो चिकित्सालय में लावारिस एवं तस्करी के दौरान जब्त किए गए गोवंश के संपूर्ण इलाज की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी। यहां गोवंश के इलाज के लिए आपातकालीन वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, एक्स-रे, मेडिकल स्टोर,



वातानुकूलित कक्ष समेत 24 घंटे पशु चिकित्सक की व्यवस्था रहेगी।

इस चिकित्सालय में झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं बिहार से आने वाले गोवंश का निशुल्क इलाज किया जाएगा। गौशाला की संचालिका सह ध्यान फाउंडेशन संस्था की कार्यकर्ता डॉ। शालिनी मिश्रा ने बताया कि जमशेदपुर के दो गो प्रेमी उद्यमियों द्वारा सेवा भाव से धनवंतरी चिकित्सालय का निर्माण कराया जा रहा है।

राजस्थान के पथमेड़ा गौशाला में गायों की चिकित्सा के लिए ऐसा एक अस्पताल बना हुआ है। पूर्वी भारत का यह पहला अस्पताल होगा जहां गोवंश के इलाज हेतु सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मौजूद रहेंगी।

यहां घायल गोवंश की सर्जरी के अलावा प्रसव के दौरान गायों की स्थिति गंभीर होने पर सिजेरियन ऑपरेशन भी किया जाएगा। इसके लिए दो विशेषज्ञ पशु चिकित्सक यहां 24 घंटे मौजूद रहेंगे। इसका सारा खर्च ध्यान फाउंडेशन उठाएगा।

धनवंतरी चिकित्सालय में घायल गोवंश के लिए कृत्रिम पांव लगाने की व्यवस्था भी रहेगी। इस संबंध में डॉ। शालिनी मिश्रा ने बताया कि गो तस्कर अक्सर अत्यंत क्रूरतापूर्ण तरीके से गोवंश को वाहनों में ठूंस कर ले जाते हैं। इस दौरान कई गायों के पैर में गैंग्रीन हो जाता है, जिससे पैर काटने की नौबत आ जाती है।

इसके अलावा सड़क पर घायल गोवंश का भी कई बार पर जख्मी होने पैर काटना पड़ता है। ऐसे गोवंश के लिए इलाज के साथ-साथ आर्टिफिशियल लिंब (कृत्रिम हाथ पांव) की भी व्यवस्था जयपुर की कृत्रिम अंग बनाने वाले एक संस्था के साथ मिलकर की जाएगी।

ध्यान फाउंडेशन संस्था द्वारा चाकुलिया एरोड्रम परिसर में वर्ष 2019 में स्थापित गोलोक धाम गौशाला में अभी 20,700 गोवंश का पालन पोषण किया जा रहा है। पूरे झारखंड की सभी गौशालाओं को मिला दे तो भी इतने गोवंश नहीं है।


यहां रखे गए अधिकांश गोवंश बीएसएफ एवं पुलिस द्वारा तस्करी के दौरान जब्त किए गए हैं। तस्करों से छुड़ाए गए गोवंश को अक्सर बीमार अथवा घायल अवस्था में गौशाला में लाया जाता है। इसलिए यहां उनके इलाज पर विशेष ध्यान दिया जाता है। तस्करों से छुड़ाए गए गोवंश को यहां लाने के बाद सबसे पहले औषधीय गुणों से भरपूर दलिया खिलाया जाता है। उसके बाद उनका उपचार किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां किसी भी गोवंश को रस्सी से बांध कर नहीं रखा जाता। गौशाला परिसर में गाय एवं बैल खुले में विचरण करते हैं।

ध्यान फाउंडेशन गौशाला में 20,000 से अधिक गोवंश का पालन पोषण बिना किसी सरकारी सहयोग के किया जा रहा है। यह पूरा सेवा कार्य समाज के बल पर हो रहा है। प्रतिमाह गायों के पालन पोषण पर होने वाला करोड़ों का खर्च समाज के बीच से ही आता है। बड़ी संख्या में यहां लोग गो सेवा के लिए दान करते हैं। सेवा भाव ऐसा है कि एक लीटर भी दूध यहां से नहीं बेचा जाता। गायों का दूध उनके बछड़े को पिला दिया जाता है। जो भी एक बार इस गौशाला में आता है वह गोवंश के प्रति समर्पण एवं सेवा भाव को देखकर चकित रह जाता है। हालांकि, सरकारी मदद के लिए गौशाला को झारखंड सरकार में पंजीकृत कराने का प्रयास भी संस्था द्वारा लगातार किया जा रहा है।

## 45 गोवंशीय पशुओं से लदा कंटेनर वाहन पकड़ाया



**श्रम बिंदु /गिरीडीह।** गिरीडीह जिले के डुमरी प्रखण्ड अंतर्गत एन एच 19 कोलकाता नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर वाहनों द्वारा गोवंशीय पशुओं की तस्करी रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है।आए दिन



गोवंशीय पशुओं से लदे वाहन ग्रामीणों द्वारा तो कभी पुलिस द्वारा पकड़े जाते हैं। बावजूद इसके निरीह पशुओं को क्रूरतापूर्वक भारी माल वाहक वाहनों द्वारा बिहार की ओर से पश्चिम बंगाल की ओर ले जाए जाते हैं।इसी क्रम में निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 19 पर खैराटुंडा पंचायत अंतर्गत बड़कीटांड़ निकट ग्रामीणों ने लगभग 45 गोवंशीय पशुओं से लदे भारी मालवाहक वाहन को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया । एसडीपीओ डुमरी सुमित प्रसाद ने बताया कि उक्त वाहन में लगभग 45 से अधिक गोवंशीय पशु लोड थे।

निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच 19 पर खैराटुंडा पंचायत अंतर्गत बड़कीटांड़ निकट ग्रामीणों ने लगभग 45 गोवंशीय पशुओं से लदे भारी माल वाहक वाहन को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने के उपरांत जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने फोन पर पहले निमियाघाट थाना प्रभारी डुमरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को रात्रि में ही सूचना दी। जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी ने कहा कि गौ हत्या बंद हो और इस तरह की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई की जाए, प्रशासन इस पर सक्रियता बढ़ाएं। इस दौरान खैरतुंडा मुखिया भुनेश्वर साव, राजेश कुमार शमी कुमार, अरुण साव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। जबकि गाड़ी के ड्राइवर खलासी भाग खड़े हुए।

## डॉ. मौसमी पॉल बनी अभाविप की प्रदेश अध्यक्ष

**रांची, एजेंसी।** जमशेदपुर निवासी डॉ। मौसमी पॉल अभाविप की प्रदेश अध्यक्ष और मनोज सोरेन झारखंड प्रदेश मंत्री पद के लिए निर्वाचित किए गए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश मंत्री के निर्वाचन प्रक्रिया के चुनाव अधिकारी अभाविप की प्रदेश छात्रा प्रमुख प्रो। पुष्कर बाला ने निर्वाचन परिणामों को घोषित किया। कार्यालय मंत्री सुभम पुरोहित ने यह जानकारी दी। उन्होंने रांची स्थित अभाविप के प्रदेश कार्यालय में लगातार न्यूज डॉट कॉम को बताते हुए कहा कि धनबाद में तीन दिवसीय 25वां अधिवेशन होना है। यह अधिवेशन तीन से पांच जनवरी तक चलेगा। जिसमें दोनों लोगों को कार्यभार दिया जाएगा।

जमशेदपुर महानगर की निवासी हैं डॉ मौसमी पॉल

डॉ। मौसमी पॉल जमशेदपुर महानगर की निवासी हैं। 2015 से अभविप से जुडा है। वर्तमान में लालबहादुर शास्त्री मेमोरियल महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। इन्होंने 20 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किया है। इनके शोध विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित किए जा चुके हैं। वर्तमान में कोल्हान क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रमों में संचालित कर रही हैं। चाईबासा नगर उपाध्यक्ष, जमशेदपुर महानगर उपाध्यक्ष, जमशेदपुर





महानगर अध्यक्ष समेत कई दायित्वों का निर्वहन कर चुकी हैं। अभाविप झारखंड की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। आगामी सत्र 2024-25 के लिए प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व पर निर्वाचित हुई हैं।

**दुमका के हैं मनोज सोरेन :** मनोज सोरेन दुमका जिले के निवासी हैं। ये 2014 से अभाविप के सक्रिय सदस्य हैं। इन्होंने सिद्धू कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय मे स्नातकोत्तर किया है। वर्तमान में शोध के विद्यार्थी हैं। छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया है। पूर्व में दुमका नगर मंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश जनजाति छात्र कार्य प्रमुख, प्रदेश सह मंत्री आदि दायित्वों का निर्वहन किया है। सत्र 2024-25 के लिए प्रदेश मंत्री के पद पर निर्वाचित हुए हैं।

## झारखंड पुलिस में नहीं हो रहा साप्ताहिक परेड का आयोजन, डीजीपी ने जारी किया आदेश

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के विभिन्न जिलों में पुलिसकर्मियों का साप्ताहिक परेड का आयोजन नियमित रूप से नहीं हो रहा है। इसको लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने आदेश जारी किया है। डीजीपी के आदेश के बाद आईजी अभियान ने सभी जिला पुलिस इकाइयों को निर्देश जारी किया है कि वे नियमित रूप से साप्ताहिक परेड का आयोजन सुनिश्चित करें।

**परेड के आयोजन ना होने से पुलिस कर्मियों में बढ़ रही अनुशासनहीनता :** साप्ताहिक परेड का आयोजन नहीं होने के कारण पुलिसकर्मियों में अनुशासनहीनता बढ़ रही है। साथ ही नियमित परेड



से पुलिसकर्मी शारीरिक रूप से फिट रहते हैं। परेड न होने से उनकी शारीरिक दक्षता में कमी आ रही है। इसको लेकर जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी जिला, इकाई और वाहिनी में प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिन परेड का आयोजन अनिवार्य है। परेड का आयोजन मुख्य रूप से सोमवार को किया जायेगा। दूर-दराज के थानों और अनुमंडल के पुलिसकर्मियों को भी परेड में शामिल किया जायेगा। परेड में शामिल होने वाले पुलिसकर्मियों का रोस्टर बनाया जायेगा। परेड से संबंधित सभी जानकारी एक संचिका में रखी जायेगी, ताकि किसी भी समय जांच की जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समय-समय पर परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा राजा-रानी कोठी परिसर में स्थित सीआईडी, रेल और जैप के अधिकारी और कर्मचारी जैप-01 डोरंडा के परेड मैदान में शामिल होंगे।

# पलामू में 11 सड़कों का होगा नवनिर्माण, एसीबी ने जांच कर 10 वर्ष बाद दी हरी झंडी

**पलामू, एजेंसी।** पलामू जिले में भ्रष्टाचार के कारण जांच से एक दशक से लंबित पड़ी 11 सड़कों के पुर्ननिर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के पुलिस उप महानिरीक्षक ने मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के उपसचिव शंकर एक्का को 26 दिसंबर को पत्र जारी कर सभी 11 सड़कों की जांच पूरी हो जाने के संबंध में जानकारी दी है। यह भी कहा है कि उक्त सड़क पर मरम्मत एवं नव निर्माण का कार्य किया जा सकता है। एसीबी को कोई आपति नहीं है। इस मामले में शुक्रवार को मेदिनीनगर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र की पांच समेत कुल 11सड़कों के निर्माण पर एसीबी ने जांच करके एनओसी दे दी है। ऐसे में इन पर दोबारा निर्माण कार्य अब शुरू हो जायेगा। एसीबी से जांच पूरी कराकर एनओसी दिलाने में पलामू के सांसद वीडी राम और उनका प्रयास रहा। इन सड़कों के निर्माण शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परिवहन में काफी सहुलियत होगी। खासकर बरसात के दिनों में आवागमन बेहतर हो पायेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि सभी सड़क के निर्माण कार्य में वर्ष 2014 में लागत से अधिक भुगतान किया गया था, जिसके बाद मामले में कार्रवाई शुरू हुई थी।

10 वर्षों तक निर्माण कार्य पर रोक लगने के कारण सड़कें बिल्कुल जर्जर हो गयी थी। इस संबंध में झारखंड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता सिंगराय टूटी ने गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव को गत आठ जून को पत्र लिखकर सभी पथों के



पुर्ननिर्माण के लिए एनओसी निर्गत करने का आग्रह किया था।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) से पलामू जिले की कुल 11 सड़कों के निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाये जाने पर वर्ष 2013-14 में ग्रामीण विकास विभाग ने एफआइआर करवाई थी। इसमें हुए घोटाले की जांच एसीबी से करायी जा रही थी। एक दशक से जांच होने के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था।

लोकसभा चुनाव के समय पाटन प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर काफी हंगामा किया था और सांसद और विधायक को रोके रखा था। मामले में पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम के जरिये 10 दिसंबर को राज्य की मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सड़कों के निर्माण में हुई गड़बड़ी-अनियमितता के कारण निर्माण कार्य नहीं होने और वर्तमान में जर्जर स्थिति से अवगत कराया गया था। एसीबी जांच पूरी कराकर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का आग्रह किया था। वित्त मंत्री ने कहा कि विभागीय कार्यपालक अभियंता रिवाइज एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश अपने अधिनस्थ अभियंताओं को दिया है। 31 दिसंबर तक पुर्नरक्षित प्राक्कलन तैयार कर विभाग को समर्पित करने का निर्देश दिया है। सबकुछ ठीकठाक रहा तो जल्द इस पर निर्माण कार्य भी शुरू हो जायेगा।

### इन सड़कों की रहो रही थी जांच

गोदरमा से नवगढ़, ब्रहमोरिया से नवडीहा भुड़वा, पीडब्लूडी पथ से पाटन-पड़वा सड़क, कांकेकला से सूठा, बरांव से ओडनार, रामगढ से दीनाबार भाया काचन, मायापुर से नावाडीह, बिरजा से जमडीहा भाया जोगा, सरइडीह से डगरा, मुख्य पथ से गम्हरियाडीह, मुख्य पथ से कउवल शामिल है।

## गैंग्स ऑफ वासेपुर के अभिनेता व लेखक जीशान कादरी के पिता का निधन


**धनबाद, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता व लेखक जीशान कादरी के पिता सैयद इमरान कादरी का शुक्रवार को दिल्ली में निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। उनका दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्होंने शुक्रवार सुबह अंतिम सांस ली। उनकी मिट्टी मंजिल शनिवार दोपहर 3ः30 बजे असर के नमाज के बाद शमशेर नगर के कब्रिस्तान में की जायेगी। उनके पुत्र जीशान कादरी पार्थिव शरीर को दिल्ली से वासेपुर कमर मकदुमी रोड स्थित आवास लेकर आ रहे हैं। सैयद इमरान कादरी इसीएल से अधीक्षण अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवाकाल के दौरान से ही वे राजनीति में सक्रिय थे। काफी समय तक वे झारखंड मुक्ति मोर्चा में विभिन्न पदों पर रहे। बाद में वे राजद में आये और संगठन में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभायी। एक बार धनबाद विधानसभा क्षेत्र से राजद के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़े थे। उनके निधन पर कई नेताओं ने शोक जताया है।

गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमाघाटा स्थित पार्थ इस्पात प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में शुक्रवार की सुबह आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार की अहले सुबह पार्थ इस्पात में लगे ट्रांसफॉर्मर में पहले आग लगी। इसके बाद आग तेजी से आस-पास फैल गयी और फैक्ट्री में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री के मजदूरों के अनुसार जोरदार आवाज के साथ फैक्ट्री के ट्रांसफॉर्मर में पहले आग लगी। बाद में आग फैक्ट्री के अंदर में फैलने लगी। मजदूरों ने पहले आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग से ऊंची लपटें निकलने लगी।

# नियोक्ता हमारे मुख्य स्टेकहोल्डर्स हैं: राजीव रंजन

**रांची, एजेंसी।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम , झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में शुक्रवार को चैंबर भवन में नियोक्ताओं की बैठक हुई। क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि नियोक्ता हमारे मुख्य स्टेकहोल्डर्स हैं। चिकित्सकीय सुविधा में सुधार के लिए बीमा निगम द्वारा नियोक्ता वा बीमितों के फीडबैक से सुधार के निरंतर प्रयास हो रहे हैं। नये वर्ष में मार्च-अप्रैल तक नामकोम स्थित 300 बेड के अस्पताल का संचालन शुरू हो जायेगा। ईएसआइसी ने इस वर्ष देश भर में 10 नये मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव दिया है। जिसके तहत नामकोम में भी एक मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित है। अगले सत्र से मेडिकल कॉलेज भी शुरू होगा। मेडिकल कॉलेज के संचालन से चिकित्सकों की कमी दूर होगी और इससे चिकित्सकीय सेवा में भी बेहतर सुधार होगा।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कार्यो को सराहा। उन्होंने सभी नियोक्ताओं से इसका लाभ लेने की अपील की। निगम की योजनाओं से नियोक्ता वा कर्मचारी अधिकाधिक लाभान्वित हो सकें, इसके लिए उन्होंने



इस प्रकार के शिविर का आयोजन राज्य के प्रत्येक जिले में करने का सुझाव भी दिया।

श्रम उप समिति चेयरमेन प्रमोद सारस्वत ने निगम के पोर्टल में सुधार, ईएसआईसी अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल में मरीज को रेफर करने में परेशानी, ईएसआईसी अस्पताल में चिकित्सकों की कमी, बीमा निगम की योजनाओं पर नियमित रूप से जागरूकता कार्यशाला का आयोजन करने आदि बातें कहीं। उन्होंने मेन रोड, रातू रोड व हरमू रोड में डिसपेंसरी खोलने की बात कही, ताकि मरीजों व नियोक्ताओं की समस्याओं का समाधान हो सके। कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी के आग्रह किया कि राजधानी में मरीजों की बढती संख्या को देखते हुए हटिया क्षेत्र में एक अतिरिक्त अस्पताल के निर्माण का प्रस्ताव दिया जाय। जिस पर क्षेत्रीय निदेशक ने विचार के लिए आश्वस्त किया।

बाहर के मरीजों को रांची पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा

क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि रांची से बाहर के जिलों के मरीजों को ईलाज के लिए रांची पर निर्भर नहीं रहना पड़े तथा उनका इलाज जिले में ही हो सके, इसके लिए निगम ने प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर्स को इंपैनल कर रहा है। अगले एक-दो माह में सुधार देखने को मिलेंगे। पलामू, खूंटी, साहेबगंज, गोड्डा में डॉक्टर इंपैनल किये गये हैं। चैंबर अध्यक्ष के आग्रह पर उन्होंने आश्वस्त किया कि निगम जल्द ही एक सूची चैंबर को सौंपेगी। जिसमें इसका उल्लेख रहेगा कि कौन से विशेषज्ञ डॉक्टर किस जिले में किस दिन रहेंगे। बीमा निगम के अभिषेक कुमार ने चिंता जताया कि तुपुदाना व ओरमांझी के डिसपेंसरी में रोजाना औसतन एक मरीज आते हैं, जबकि इस क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयां और प्रतिष्ठान हैं।

## लातेहार में पुल निर्माण कार्य में लगे मुंशी की गला रेत कर हत्या, लेवी न देने की वजह से दिया गया घटना अंजाम

**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार में पुल निर्माण कार्य के लगे मुंशी बाल गोविंद साव (उम्र 55 वर्ष) की गला रेत कर हत्या कर दी गई। मृतक कुलगाला रिचूगुट्टा गांव का रहने वाला था। चंदवा और लातेहार के सीमान पर स्थित ओरगा नदी पर ही पुल निर्माण कार्य चल रहा था। जिसे पूरा करने का जिम्मा नीलम कंस्ट्रक्शन (प्रतापपुर) को मिला था। हत्या का कारण लेवी न देने को बताया जा रहा है।जानकारी के मुताबिक पुल का निर्माण कार्य चलने की वजह से मृतक बाल गोविंद साव उसी जगह पर रहता था। रात्रि के बेला में वह गार्ड के तौर पर काम करता था। गुरुवार की रात करीब 9ः00 बजे अज्ञात अपराधी निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे और धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से एक पर्चा भी बरामद किया है। इसके मुताबिक झारखंड संघर्ष जन्म मुक्ति मोर्चा नाम के एक संगठन ने हत्या की जिम्मेदारी ली है। लेवी नहीं देने की वजह से घटना को अंजाम दिया गया है। निवेदक में प्रदीप सिंह नामक किसी व्यक्ति का नाम लिखा हुआ है।फिलहाल लातेहार पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थाना प्रभारी ने इस बाबत जानकारी दी है कि प्रथम दृष्टया लेवी न देना मुंशी की हत्या वजह लगती है। वहां कार्यरत मजदूरों से बातचीत कर घटना के तह तक जानने की कोशिश की गयी।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com